अमृत विचार


## शहर में आज

- उपाधि महाविद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन दोपहर 02 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम ईदगाह कॉलोनी में दरबार दोपहर 12 बजे से।
- ग्राम खरदहाई में श्रीमद भागवत कथा सुबह 09 बजे से।
- यातायात पुलिस की ओर से जागरुकता अभियान मुख्य चौराहों पर सुबह 10 बजे से।

# स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट जमा किए बिना फैलाया यूनीपोल का मकड़जाल

## शहरी क्षेत्र ही नहीं, एनएचएआई के नियमों को भी किया दरकिनार, जिला पंचायत के ठेकेदार की मनमानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** प्रचार प्रसार को लेकर लगाए जाने वाले यूनीपोल में जिला पंचायत के ठेकेदार ने नियम कानून ही ताक पर रख दिए। नेशनल हाईवे पर लागू नियमों का भी पालन करना मुनासिब नहीं समझा गया। मनमाने तरीके से जहां-तहां यूनीपोल खड़े कर दिए गए हैं। आईजीआरएस पर हुई एक शिकायत के बाद अपर मुख्य अधिकारी ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिया। जिसके बाद खलबली मच गई है। हालांकि नोटिस दिए कई दिन बीतने के बाद भी अभी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी है।

कुछ समय में तेजी से शहर ही नहीं बाहरी क्षेत्रों में भी मुख्य मार्गों पर यूनीपोल की भरमार हो चुकी है। मुख्य मार्गों से लेकर नेशनल हाईवे किनारे ही यूनीपोल खड़े कर दिए गए हैं। जबकि इसे लेकर नियम और दूरी भी स्पष्ट है, ताकि सड़क हादसे की रोकथाम की जा सके। हालांकि ये बात दीगर है कि जिम्मेदारों की ओर से इस दिशा में गंभीरता नहीं बरती जाती है। फिर चाहे शहरी क्षेत्र में फ्लैक्स होर्डिंग्स लगाने की बात हो या फिर जिलेभर में जिला पंचायत क्षेत्र में लगाए गए यूनीपोल। ठेकेदारों की ओर से मनमाने तरीके से जहां जगह मिली वहां पर प्रचार प्रसार के होर्डिंग्स फलैक्स और यूनीपोल लगा दिए जाते हैं। ऐसा ही कुछ लंबे समय से जिला पंचायत क्षेत्र में भी चल रहा है।


टनकपुर हाईवे पर आवागमन के बीच मार्ग से सटकर लगे यूनीपोल। ● अमृत विचार

**● शिकायत के बाद चेतावनी नोटिस जारी**

जिला पंचायत में होर्डिंग, यूनीपोल का ठेका मैसर्स मिस्का इंटर प्राइजेज को दिया गया है। इसके तहत जिला पंचातय के नियंत्रणाधीन ग्रामीण क्षेत्र में (नगर व विनियमित क्षेत्र की सीमा के बाहर) विज्ञापनपट्ट, यूनीपोल, क्यास, दीवार प्रचार आदि का कार्य 2025-26 का ठेका इसी फर्म पर है। जिम्मेदारों की ओर से ठेका तो कर दिया गया लेकिन उसके बाद नियम पालन हो भी रहे हैं, या नहीं। इसकी जानकारी करने की भी सुध नहीं ली गई है। बीते दिनों पंद्रह जनवरी को इसेस जुड़ी एक शिकायत आईजीआरएस पर दर्ज कराई गई। जिसमें मुख्य सड़कों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में यूनीपोल लगाए जाने की बात कही गई।

बताते हैं कि इन यूनीपोल पर प्रचार प्रसार के विज्ञापन लगाए जाने से पहले विभाग में स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट जमा करना होता है। मगर, आरोप है कि बिना स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट जमा किए ही यूनीपोल लगा दिए गए । ऐसे में इसे ठेके के अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन भी माना जा रहा है। इस शिकायत के बाद जिम्मेदार हरकत में आए। अपर मुख्य अधिकारी धर्मेंद्र कुमार की ओर से ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।

### बिना स्ट्रक्चर वाले यूनीपोल हटाएं, वैध की दें सूची

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी की ओर से ठेकेदार को जारी किए गए नोटिस में साफ कहा गया है कि सक्षम अधिकारी से स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट प्राप्त किए बिना लगाए गए यूनीपोल को तत्काल हटवाया जाए। इसके साथ ही स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लगाए गए यूनीपोल की सूची भी मुहैया कराने को कहा गया है। ऐसा न करने पर ठेके की अनुबंध शर्तों के अधीन वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### हादसे का भी बढ़ रहा खतरा, कार्रवाई का इंतजार

जनपद में पिछले कुछ समय में यूनीपोल का मकड़जाल तेजी से फैल चुका है। वैसे चौराहे और मुख्य सड़क पर यूनीपोल लगाने के मानक तो तय है, लेकिन उसका पालन होता फिलहाल नहीं दिख रहा है। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश देते हुए जागरुकता अभियान तो चलाए जा रहे हैं। इस पर नियम पालन कराने की हामी भी भरी जा रही है। मगर, इस तरह के प्रचार प्रसार वाले होर्डिंग फ्लैक्स् और यूनीपोल हाईवे पर डिवाइडर के बीच या सड़क किनारे लगाए जाने से हादसे का खतरा भी बढ़ता है। इसके बावजूद सख्ती नहीं हो सकी है। टनकपुर हाईवे, असम हाईवे समेत अन्य मुख्य मार्गों पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में यूनीपोल का मकड़जाल देखा जा सकता है। अब ये कितने नियम के तहत हैं और कितने मनमाने तरीके से लगा दिए गए। इसे लेकर तस्वीर जिम्मेदार भी साफ नहीं कर पा रहे, न ही कोई सख्त एक्शन लिया जा सका है।

# पुरुष युगल प्रतियोगिता में परजिंदर और राजेश प्रथम


टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**● बेनहर स्कूल के ऑडिटोरियम में हुआ जिला स्तरीय टूर्नामेंट**

**अमृत विचारः** डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में बेनहर पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने दीप प्रज्वलित करके शुरुआत कराई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, डॉ. एसके अग्रवाल, रंजीत सैहमी, करिश्मा सैहमी, नीना मेहरोत्रा ने पुष्प अर्पित किए।

स्कूल जूनियर बालक वर्ग में जगनूर सिंह, अनमोल तिवारी, उमंग शर्मा, सीनियर बालक वर्ग में शौर्य सिंह, संस्कार तिवारी, जगनूर सिंह, स्कूल जूनियर बालिका वर्ग में मेहर कौर, मनसीरत कौर, अंशिका गंगवार, स्कूल सीनियर बालिका वर्ग में अर्पिता, अंशिका, नंदनी जोशी, महिला वर्ग में ऋषिता भल्ला, अंशिका, बीना कुमारी, अंडर -30 कैटेगरी में देवाशीष सिन्हा, प्रांजल जोशी, यश आनन्द, 30 प्लस कैटेगरी में शैलेन्द्र कुमार चौधरी, परजिंदर सिंह, नितिन अग्रवाल, 40 प्लस कैटेगरी में शैलेन्द्र कुमार चौधरी, संगम अंग्रवाल, नितिन अग्रवाल, 50 प्लस कैटेगरी में शैलेन्द्र कुमार चौधरी, अतुल साहू, तरुण तिवारी, 60 प्लस में हीरा सिंह, दयानिदान जोशी, अतुल साहू, 65 प्लस में डॉ.परविंदर सिंह सैहमी, दयानिधान जोशी, उदय प्रताप सिंह क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे। पुरुष युगल प्रतियोगिता में परजिंदर सिंह और राजेश शर्मा प्रथम रहे। इस मौके पर एसोसिएशन प्रेसिडेंट गुरदित्त सिंह सैहमी, सचिव गुरसेवक सिंह, देव सिंह, अमन सिंह, त्रिलोक चन्द्र वर्मा, राजेंद्र मौर्य, मनोज भास्कर, इरशाद अहमद, अविरल सैनी, गिरीश जोशी, प्रेम गंगवार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रत्याशी लिखने पर पार्टी से निष्कासित

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल कश्यप ने सुंदरलाल आर्य को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता को लेकर पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बताते हैं कि सुंदरलाल आर्य ने खुद को फर्जी तरीके से पूरनपुर विधानसभा का प्रत्याशी लिखना शुरू कर दिया था। इसे लेकर कई बार चेतावनी दी गई लेकिन उनके रवैया में बदलाव नहीं आया। इसी को लेकर कार्रवाई की गई है।

### केंद्र सरकार के बजट को सराहा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक सोमवार को ग्राम चंदौई में प्रदेश उपाध्यक्ष कैफ रजा की अगुवाई में हुई। इस दौरान केंद्र सरकार के बजट को विकसित भारत व युवा आकांक्षाओं को सिद्ध करने वाला बताया। सरकार की अन्य उपलब्धियां भी बताई गई। कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर जुल्फिकार अली, अजहर, वेद प्रकाश, अजहर खान, राजू वर्मा, सैफ अली आदि मौजूद रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में बढ़ाएंगे कर्मचारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पात्र व्यक्ति को आयुष्मान योजना से लाभान्वित करने के लिए अब हजार कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। पहले 160 कर्मियों से कार्ड बनवाए जा रहे थे। सीएचओ, आयुष्मान मित्रों के साथ ही आशा संगिनियों, आंगनबाड़ी को भी सक्रिय करने की रणनीति बनाई गई है। अभियान में शामिल किए गए नए 840 कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीएमओ डॉ .आलोक कुमार ने बताया कि करीब एक हजार कर्मियों की टीम अब काम करेगी। सभी को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

### पुरातन छात्र सम्मेलन आज होगा

**पीलीभीत :** उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . दुष्यंत कुमार ने बताया कि कॉलेज में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। इसका उद्देश्य महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके पूर्व छात्र-छात्राओं की प्रथम पुरातन छात्र परिषद बनाकर उन्हें पुन : एक सूत्र में बांधना, उनकी उपलब्धियों को मंच प्रदान करना और वर्तमान विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से प्रेरणा दिलाना है। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन की बैठक में बजट पर की चर्चा


बैठक में मौजूद चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**● पेशेवरों व व्यवसायियों के लिए लाभकारी साबित होगा बजट**

**अमृत विचारः** पीलीभीत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन की बैठक में बजट 2026-27 पर विस्तृत चर्चा की गई। कहा गया कि यह बजट कर सुधार एवं आर्थिक विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो पेशेवरों और व्यवसायियों दोनों के लिए दीर्घकालीन रूप से लाभकारी सिद्ध होगा।

शहर के एक होटल में एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए मुदित अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार देर शाम हुई बैठक में बताया कि केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि की गई है, जिससे रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सदस्यों ने कहा कि सरकार का यह कदम अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश के नए अवसर पैदा करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि नया आयकर अधिनियम-2025 एक अप्रैल से लागू होगा, जिसका उद्देश्य कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनाना है।

बताया गया कि नए आयकर अधिनियम के अंतर्गत समय पर ऑडिट न कराने पर 75 हजार से 1.5 लाख रुपये तक का शुल्क लग सकता है। ऐसे में व्यापारियों एवं करदाताओं को अपने सभी कर एवं अन्य वैधानिक अनुपालनों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता है। व्यापारियों को सलाह दी गई कि वे अपने कर सलाहकारों से नए प्रावधानों को भली-भांति समझें और उन्हें अपने व्यवसाय में सही ढंग से लागू करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दिक्कत से बचा जा सके। बजट के संबंध में निष्कर्ष निकालते हुए कहा गया कि यह बजट कर सुधार, अनुपालन की सरलता और आर्थिक विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो पेशेवरों और व्यवसायियों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

संचालन सचिव सीए शुभम गुप्ता ने किया। इस मौके पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सीए वरुण मित्तल, सीए वैभव अग्रवाल, सीए केतन अग्रवाल, सीए संचित अग्रवाल, सीए वैभव अग्रवाल, सीए मासूम बख़्श शम्सी समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पहले ही दिन बच्चों को किताबें मुहैया कराने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शैक्षिक सत्र 2026-27 में स्कूल खुलने के पहले दिन ही बच्चों के हाथों में निशुल्क पाठ्य पुस्तकें होगी। जिला मुख्यालय पर क्रय आदेश के मुताबिक विभिन्न प्रकाशकों की ओर से निशुल्क पाठ्य पुस्तकें आना शुरू हो गई है।

जिले भर के 1499 परिषदीय स्कूलों में करीब 1.68 लाख छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मार्च में वार्षिक परीक्षाएं होने के बाद एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू होगा। नए शैक्षिक सत्र में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए किताब का अभाव न हो, इसके लिए शासन ने पहले से ही निशुल्क पुस्तकों को स्कूली बच्चों के हाथों तक पहुंचाने की योजना बनाई है। इसके तहत विभाग की ओर से 17 लाख 08 हजार 443 निशुल्क पाठय पुस्तक उपलब्ध कराने का प्रकाशकों क्रय आदेश शासन के माध्यम से भेजा।


पीलीभीत पहुंची परिषदीय बच्चों के लिए किताबों की खेप। ● अमृत विचार

**● पहली खेप पहुंची, जिले के 1499 परिषदीय स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं 1.68 लाख बच्चे**

सोमवार को कक्षा तीन की गणित, कक्षा दो की अंग्रेजी, कक्षा छह की हिंदी की पाठ्य पुस्तक अक्षरा, कक्षा छह का गणित, कक्षा सात की स्काउट गाइड, कक्षा आठ का विज्ञान, कक्षा तीन की हिंदी, कक्षा सात का हमारा विषय नागरिक जीवन, सहित अन्य विषयों की किताबें जिला मुख्यालय को प्राप्त हो गई है। बीएसए रोशनी सिंह ने बताया कि विभाग ऐसी योजना बना रहा है कि शैक्षिक सत्र के पहले दिन ही स्कूली बच्चों के हाथों में निशुल्क पाठ्य पुस्तकें होगी। परिषदीय स्कूलों में बच्चों को किसी प्रकार की कठिनाई या दिक्कतें न हो इसलिए योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। जिससे एक अप्रैल को ही जिले भर के प्रत्येक बच्चे के हाथों में निशुल्क पाठ्य पुस्तकें पहुंचा दी जाएगी।

### प्रवेश के लिए शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अलाभित समूह और दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक और पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिए जाने को लेकर सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई। बीएसए रोशनी सिंह ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। जिसमें सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि तीन चरणों में आवेदन की तिथियां निर्धारित की गई है। प्रथम चरण में दो फरवरी से 16 फरवरी , दूसरा चरण 21 फरवरी से सात मार्च और तीसरा चरण 12 मार्च से 25 मार्च तक निर्धारित है। बीएसए ने बताया कि तीन चरणों में आवेदन लिए जाएंगे। उसके बाद सभी आवेदनों का सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के बाद लाटरी पद्धति से प्रवेश दिलाए जाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

# गेहूं का समर्थन मूल्य 3500 रुपये करने की मांग

**अमरिया, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (चौधरी) की मासिक पंचायत सोमवार को तहसील परिसर में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मंथन किया गया। मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम मयंक गोस्वामी को सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष अजय पाल मौर्या ने की।

ज्ञापन में गेहूं के समर्थन मूल्य को महंगाई के हिसाब से बढ़ाकर 3500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। माधौपुर से सरैदा पट्टी को गई सड़क की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पा रही है कि उनका वोट बना है या नहीं। वहीं नो-मैपिंग वोट के मामलों में कागजात को लेकर दिक्कतें हैं। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में लोगों को परेशानी हो रही है, जिनका समाधान कराने की मांग की गई। इसके अलावा ज्ञापन में बताया कि विभिन्न गांवों में पानी की टंकी निर्माण के दौरान सड़कों को तोड़कर पाइपलाइन डाली गई, लेकिन कई गांवों में पाइप नहीं डाले गए हैं और सड़कें दो-तीन वर्षों से टूटी हैं। ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष असगर अली, अंसारी अकबर अंसारी, निर्मल लाल, परमजीत सिंह, मोहम्मद तारिक आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# जागरुकता कार्यक्रम में छात्राओं के बनाए पोस्टरों की सराहना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीटीआर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और समाधान विकास समिति के तत्वाधान में विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर सोमवार को जागरुकता कार्यक्रम हुआ।

अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, स्टेपअप इंटर कॉलेज, स्प्रिंगडेल कॉलेज, वीराना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, पीलीभीत पब्लिक स्कूल, सिटी मोंटेसरी स्कूल, कंपोजिट विद्यालय नखासा, जेएमबी किड्स आदि में निबंध, स्लोगन, चित्रकला, अभिभाषण प्रतियोगिता कराई गई। इसमें जया, अंजुम, मन्नत, मुस्कान, सलोनी वर्मा, खुशी,जमाल मरीन आदि ने प्रतिभाग किया। लक्ष्मीकांत शर्मा, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



पोस्टर दिखाती छात्रा।

# 64वें सालाना उर्स में की गई भाईचारे की दुआ


उर्स के दौरान मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव कैंचूटांडा में हजरत दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का 64वां सालाना उर्स अकीदत, एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स कुल शरीफ के साथ संपन्न हुआ।

कव्वालों ने सूफियाना कव्वाली पेश की। दूर-दराज से आए जायरीनों और अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी की फातिहा पढ़ी और मुल्क के अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इमाम कारी निजामुद्दीन ने नात शरीफ पेश की और हजरत दादा मियां की पाक और सादगीभरी ज़िंदगी पर रोशनी डाली। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, सगीर अंसारी, निज़ाकत अली, शोएब खान, जीशान अंसारी, इकरार अंसारी, उबैस अंसारी अंसार हुसैन, मुज़ीब अंसारी, मुहम्मद उबैस आदि मौजूद रहे।

संभलकर चलें

**पीलीभीत-जहानाबाद रोड पर अव्यवस्थाएं हावी, गन्ना वाहनों की लगी रहती है कतार**

# डिवाइडर पर खड़े झाड़-झंखाड़, रोशनी के भी नहीं हैं इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**● सड़क पर फैली फांदियों से दोपहिया वाहन चालकों के गिरने का डर**

**अमृत विचारः** सड़क हादसों की रोकथाम के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान भले तमाम दावे कर दिए जाएं। मगर, धरातल की बदहाल तस्वीर को बदला नहीं जा सका है। शहर के भीतर की मुख्य सड़कों को छोड़ हाईवे पर भी हालात बदतर बने हुए हैं। हाईवे पर अतिक्रमण और बेतरतीब वाहनों की पार्किंग जाम का सबब बनी है। इससे हादसे का डर है।

सड़क हादसों की बढ़ती संख्या की रोकथाम के लिए पिछले काफी समय से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बीते दिनों सड़क सुरक्षा माह का समापन हुआ है। इसमें कई दावे किए और जागरुकता के साथ कार्रवाईयां हुईं। मगर, सड़कों पर हालात सुधर नहीं सके। खासकर हाईवे पर कदम-कदम पर हादसे का खतरा है। पीलीभीत से जहानाबाद रोड की बात करें तो लंबे समय से अव्यवस्थाएं हैं। जबकि ये हिस्सा बरेली हरिद्वार नेशनल हाईवे में भी गिना जाता है। चीनी मिलों का पेराई सत्र चल रहा है। जिससे गन्ना लदे ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों की आवाजाही रहती है।

बरेली हाईवे से जहानाबाद की तरफ मुड़ते ही सड़क पर गन्ना वाहनों की कतार लगी रहती है। इसके अलावा डिवाइडर का हाल भी बेहाल है। उसमें झाड़ झंखाड़ उगे हुए हैं। रोशनी का इस मार्ग पर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। उस पर सड़क पर जहां-तहां फैली गन्ने की फांदियों की वजह से दुपहिया वाहन चालकों के गिरने का डर बना रहता है। कई बार हादसे हो भी चुके हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं को दूर नहीं किया जा सका है। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह का कहना है कि सड़क किनारे खड़े वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जाती है। इसे लेकर अभियान चलाए हैं।


पीलीभीत-जहानाबाद रोड पर डिवाइडर पर उगी झाड़ियां और खड़े गन्ना वाहन।



बरेली हाईवे पर टाइगर तिराहा के पास सड़क किनारे खड़े वाहन। ● अमृत विचार


टनकपुर हाईवे पर छतरी से डिग्री कॉलेज चौराहा के बीच अतिक्रमण। ● अमृत विचार

### अभी भी सड़क किनारे खड़े हो रहे बड़े वाहन

हाईवे पर कई बार सड़क किनारे खड़े वाहन हादसे की वजह बन चुके हैं। इसके बाद अभियान चलाकर कार्रवाईयां भी की जाती रही हैं। इसके बाद भी बरेली हाईवे हो या फिर असम हाईवे। सड़क किनारे खड़े वाहनों को पूर्णतया हटवाया नहीं जा सका है। रात के वक्त या फिर कोहरे में ये वाहन राहगीरों के लिए खतरा बने रहते हैं। टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा से लेकर असम चौराहा तक हालात और भी बदतर है। अतिक्रमण की भरमार और बेतरतीब तरके से वाहनों की पार्किंग जारी है। कहीं फुटपाथ पर वर्कशाप चल रही हैं। जिससे सड़क का हिस्सा भी अछूता नहीं रहा। इस दिशा में भी सख्ती नहीं हो सकी है। दिन में कई बार जाम के हालात भी बनते हैं

न्यूज ब्रीफ

## केक काटकर मनाया स्थापना दिवस




**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव संगठन के पीलीभीत कार्यालय का सोमवार को प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। केक काटकर मिठाई बांटी गई। इस मौके पर सचिन अवस्थी, सुनील प्रजापति, शैलेंद्र सिंह, आशीष दीक्षित, विकास गंगवार, सचिन सक्सेना, सत्यम पांडे, सुभाष वर्मा, श्रीकांत राठौर, अमित गंगवार, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी से छेड़छाड़ व धमकाने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की गई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसका आंगनबाड़ी केंद्र मोहल्ला सरफराज खां में है। सात नवंबर 2025 की सुबह साढ़े आठ बजे वह आंगनबाड़ी केंद्र पर जा रही थी।इस दौरान रास्ते में आरोपी ने रोका व छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शोर मचाने पर राहगीर जमा हुए तो आरोपी भाग गया7 उस वक्त थाने तहरीर दी गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। फिर एसपी को डाक से प्रार्थना पत्र भेजा। उस पर भी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## महिला को पीटकर घर से निकाले का आरोप

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव दियोराजपुर निवासी रामवीर पुत्र मुंशीलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री यामा देवी की शादी नवंबर 2023 में बरेली जिले के थाना कैंट क्षेत्र के गांव भरतौल निवासी भगवान सिंह के पुत्र हरेंद्र से हुई थी। अतिरिक्त दहेज में दस लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने पुत्री से मारपीट की। पति हरेंद्र, ससुर भगवान सिंह, सास उर्मिला देवी, ननद सुमन , कुसुम, सुधा ने पीटकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि पति हरेंद्र ने दूसरी शादी कर ली है। पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# ग्रामीण पर बाघ का हमला, खींचकर ले जाने का प्रयास

### शोर-शराबा करने पर भागा बाघ, हमले में बुरी तरह घायल ग्रामीण, हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज किया रेफर

- घुंघचिहाई क्षेत्र में हरदोई नहर के टूटा पुल के पास हुई घटना

संवाददाता, पीलीभीत/घुंघचिहाई



घटना पर पहुंचे एसडीएम अजित प्रताप सिंह व सीओ डॉ. प्रतीक दहिया। ● अमृत विचार



बाघ के हमले में घायल प्रेमराज।

**अमृत विचारः** हरदोई ब्रांच नहर के नजदीक बकरी चरा रहे ग्रामीण पर झाड़ियों से निकले बाघ ने हमला कर दिया। हमले के दौरान बाघ ने ग्रामीण को खींचकर ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर-शराबा शुरू कर दिया। इस पर बाघ नहर किनारे नरकुल में घुस गया। हमले में ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन ग्रामीणों की मदद से घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना पर एसडीएम, सीओ समेत वन विभाग की टीम पहुंची और जांच पड़ताल की। हालांकि ग्रामीण बाघ द्वारा हमला किए जाने की बात कह रहे हैं, जबकि वन अफसर तेंदुआ द्वारा हमला किए जाने का दावा कर रहे हैं।

घटना पूरनपुर तहसील के घुंघचिहाई थाना क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर के टूटा पुल के नजदीक सोमवार दोपहर करीब एक बजे हुई। गांव सिमराया ताल्लुके घुंघचिहाई निवासी प्रेमराज पुत्र रामदयाल (40) अन्य ग्रामीणों के साथ टूटा पुल के नजदीक बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों ने निकले बाघ ने प्रेमराज पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक हमले के दौरान बाघ ने ग्रामीण को नहर पटरी की ओर से खींचकर ले जाने का प्रयास भी किया। हमले पर प्रेमराज ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। इस पर आसपास मौजूद महिलाओं समेत अन्य ग्रामीणों ने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। बताते हैं कि शोर शराबे पर बाघ नहर के किनारे खड़े नरकुल में जा छिपा। हमले में ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। बाघ हमले की जानकारी पर गांव समेत आसपास गांवों की भीड़ घटना स्थल पर जमा होने लगी।

इधर घायल ग्रामीण को घटना स्थल पर मौजूद अन्य ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने ग्रामीणों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इधर सूचना पर एसडीएम अजित प्रताप सिंह, सीओ डॉ. प्रतीक दहिया, वन एवं वन्यजीव प्रभाग के क्षेत्रीय वनाधिकारी सोवरन लाल घटनास्थल पर पहुंचे और फिर उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायल ग्रामीण का हाल जाना।

> पूरनपुर रेंज के अंतर्गत वन्यजीव हमले की सूचना मिली थी। जिस पर टीम को मौके पर भेजा गया था। प्रथम दृष्टया जांच में हमला तेंदुआ द्वारा किया जाना प्रतीत हो रहा है। संबंधित क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरुक करने के साथ निगरानी बढ़ा दी गई है। – **भरत कुमार डीके**, डीएफओ, वन एवं वन्यजीव प्रभाग

### पति पर हमले की बात सुन बेहोश हुई पत्नी

प्रेमराज मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। उसकी पत्नी भी मजदूरी करती है। घटना के समय प्रेमराज की पत्नी गांव से करीब 5 किमी दूर मजदूरी पर मटर तोड़ने गई थी। जब पति पर हुए बाघ हमले की जानकारी हुई तो वह बेसुध हो गई। इस पर साथ में काम रही अन्य महिलाओं ने किसी तरह प्रेमराज की पत्नी को संभाला।

### टीम पर डेढ़ घंटा देरी से पहुंचने का लगा आरोप

ग्रामीण पर हुए बाघ हमले की जानकारी वन विभाग को दी थी। मौके पर जमा भीड़ घटना को लेकर आक्रोशित थी। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर रेंज की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। ग्रामीणों का आरोप है कि टीम करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस बीच बाघ भी नरकुल से निकलकर दूसरे ठिकाने चला गया। फिलहाल वन विभाग की टीम ने संबंधित क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है।

### मिले बेहतर इलाज, किए जाएं स्थायी इंतजाम

**पीलीभीत।** घुंघचिहाई क्षेत्र में हुए बाघ के हमले को लेकर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने वन विभाग और जिला प्रशासन के समक्ष कई मांगे रखी हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की संवैधानिक जिम्मेदारी है। ऐसे में घायल को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पीड़ित परिवार को शीघ्र उचित आर्थिक सहायता दी जाए। प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा के स्थाई इंतज़ाम किए जाएं। ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**ललौरीखेड़ा, अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कराई जा रही है।



मृतका पिंकी।

मलहपुर (बरेली) की रहने वाली पिंकी (30) की शादी वर्ष 2017 में जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम भानपुर के रहने वाले कुशल पटेल से हुई थी। उसके दो पुत्री ज्योति और रिद्धि हैं। एक फरवरी की शाम पिंकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताते हैं कि पिंकी का शव कुंडे के सहारे रस्सी के बने फंदे पर लटका था। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मृतका के मायके वाले भी आ गए। सीओ सदर नताशा गोयल ने पुलिस बल के साथ मौका मुआयना कर जानकारी की। फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर सुरागरसी की। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# पति समेत पांच नामजद और अज्ञात पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महिला को पीटकर घर से निकालने का आरोप

**अमृत विचारः** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने और फिर मायके आकर हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। पति समेत पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सदर कोतवाली में दी गई तहरीर में मोहल्ला देशनगर गौड़ी की निवासी सईमा पुत्री नवाब ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले ग्राम चंदोई मकसूदनगर के निवासी सलमान पुत्र फरीदी से हुई थी। उसके पांच माह का बच्चा है। पिता कारपेंटर का कार्य करते हैं। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। करीब चार माह पूर्व आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

पूर्व में तहरीर दी गई। इस पर थाने में समझौता किया गया कि दो जनवरी को उसे विदा कराकर ससुराल ले जाया जाएगा। इसके बाद दो जनवरी को पति व अन्य लोग मायके आए और मारपीट की गई। आसपास के ग्रामीणों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने मामले में पति सलमान, सास तरन्नुम, ससुर फरीदी, कासिक, इरफान और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## चोरी छिपे काटे 250 पेड़, एक साल बाद रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी जमुना देवी पत्नी नन्हे लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति के नाम गांव बढ़ैरा में कृषि भूमि है। जिसमें 250 यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। 31 जनवरी 2025 की रात में रमेश पुत्र मैकूलाल, दीपक, धीरज पुत्र रमेश निवासी इटौरिया थाना गजरौला, लल्लूराम पुत्र गंगाराम निवासी गाजीपुर मुगल थाना बरखेड़ा ने अज्ञात ठेकेदार,मजदूरों को लगाकर चोरी से पेड़ों को कटवा लिया और लकड़ी लेकर जा रहे थे। तभी पति और पुत्र ने रोका तो आरोपियों ने हमला कर दिया। कई बार शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान पर दर्ज रिपोर्ट के विरोध में जुटे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एसपी से मिले ग्रामीण, बोले: एक माननीय के करीबी पूर्व प्रधान के इशारे पर हुई गलत कार्रवाई



प्रधान के समर्थन में पुलिस लाइन पहुंचे सिसैया गांव के ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सिसैया ग्राम प्रधान पर दर्ज पांच दिन पूर्व दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में दर्जनों ग्रामीण पुलिस लाइन पहुंचे।

उनका कहना था कि एक माननीय के करीबी पूर्व प्रधान के इशारे पर गलत तरीके से कार्रवाई की है। घटना के वक्त ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक में होने की बात कहते हुए प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इससे जुड़े कुछ वीडियो फोटो भी साक्ष्य के तौर पर दिए गए हैं।

बता दें कि 29 जनवरी को बरखेड़ा थाने में सिसैइया गावं के रहने वाले लालता प्रसाद पुत्र नोखेलाल की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें प्रधान दिलीप कुमार समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया। इसमें बताया था कि जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए 29 जनवरी की सुबह साढ़े 11 बजे हमला करने का आरोप लगाया था। इस मुकदमे को लेकर सोमवार को काफी ग्रामीण प्रधान के भाई गेपाल वर्मा के साथ पुलिस लाइन पहुंचे और दर्ज किए गए मुकदमे को फर्जी बताया। प्रधान के भाई ने एसपी को शिकायत पत्र दिया। जिसमें कहा कि गांव के ही कुछ लोगों ने सार्वजनिक बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। उक्त स्थान से गांव के निकास का पानी निकलता है।

ग्रामीणों के अनुरोध पर वहां पर पक्का नाला बनवाया था। जिसका उक्त लोगों ने विरोध किया। इस पर उनके भाई प्रधान दिलीप कुमार व ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र तेरह जनवरी को दिया। एसडीएम ने राजस्व टीम को भेजकर नाला बनवाने का आदेश दिया। जिस वक्त घटना बताई गई है, उस वक्त प्रधान व अन्य लोग मरौरी ब्लॉक में हो रही बैठक में सुबह दस बजे से दोपहर ढाई बजे तक रहे। सभी के हस्ताक्षर भी बैठक को लेकर वहां के रजिस्टर में है। ब्लॉक की सीसीटीवी फुटेज में भी हकीकत देखी जा सकती है।

आरोप लगाया कि प्रधान समेत अन्य कई के नाम गलत तरीके से झूठे लिखा दिए गए हैं। इस मुकदमे की निष्पक्ष विवेचना कराने की मांग की है। न्यायिक कार्रवाई न होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी गई है।

# सपा ने लगवाया फर्जी प्रपत्र से वोट कटवाने का आरोप



एसडीएम को ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम नागेंद्र पांडेय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें फर्जी तरीके से प्रिंटिंग प्रेस से प्रपत्र प्रकाशित कराकर कुछ लोगों के वोट कटवाने का आरोप लगाया।

ज्ञापन में कहा कि बूथों पर कुछ लोगों के वोट काटने के लिए सुपरवाइजर व बीएलओ को 100से 3000 की संख्या में कूट रचित प्रारूप 07 भर कर दिए गए हैं। एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चौधरी प्रदीप पटेल, बीडी प्रजापति, सालिकराम गंगवार, रूपलाल महतिया, अरविंद गंगवार आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम के आदेश पर लगाए तूंदे उखाड़े

**पीलीभीत, अमृत विचारः** न्यूरिया थाने में दी गई तहरीर में खटीमा (उतराखंड ) के रहने वाले डॉ. रचित सक्सेना ने बताया कि तहसील अमरिया क्षेत्र के ग्राम टांडा विजैसी में स्थित जमीन में वह सहखातेदार के रुप में काबिज हैं। 30 जनवरी को एसडीएम के आदेश पर कानूनगो पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन पर पक्की तूंदाबंदी कर पीड़ित को कब्जा दिला गए थे।

इस दौरान तेरह तूंदे लगाए गए थे। जिसकी फोटो व वीडियोग्राफी भी कराई गई थी। आरोप है कि रात्रि में गुरजंत सिंह पुत्र दिलबाग सिंह, दिलबाग सिंह पुत्र किशन सिंह, मंजीत कौर पत्नी दिलबाग सिंह, दीपक राय आदि ने तूंदे उखाड़ कर चोरी कर लिए। इसकी पूर्व में ही आरोपी धमकी भी दे चुके थे। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है।

# आबादी में संचालित हो रही तेजाब फैक्ट्री को कराया जाए बंद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू भानु कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- भाकियू भानु की बैठक में उठाए गए कई मुद्दे

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानु की मासिक पंचायत सोमवार को मंडी समिति परिसर स्थित कृषि विश्राम गृह में हुई। किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई और फिर विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार अर्ची गुप्ता को ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि पूर्व में दिए हुए ज्ञापनों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो सकी है। रुपुपर कृपा गांव में आबादी के बीच तेजाब फैक्ट्री चल रही है। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। इसको तत्कल प्रभाव से हटाने की मांग की गई। तहसील अध्यक्ष पीलीभीत नंदकिशोर राठौर ने कहा कि ललौरीखेड़ा रेलवे स्टेशन को हाल्ट बना दिया गया है। लंबी दूरी की ट्रेन ना रुकने से परेशानी होती है। स्टेशन तक जाने वाला रास्ता भी खराब है। जिला जिला सचिव डालचंद मौर्य ने कहा कि ग्राम पंचायत मीरपुर में गहरे नाले की पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त है। किसानों को फसल ले जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसे बनवाने की मांग की गई।

जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा ने कहा कि राजस्व प्रशासन किसानों की समस्याओं का फर्जी निस्तारण कर रहा है। अल्पसंख्यक विंग जिलाध्यक्ष निसार शाह ने कहा कि नौगवां पकड़िया इस्लामनगर में हाईवे से टंकी तक जाने वाले मार्ग में गहरे गड्ढे हो चुके हैं। हादसे में कई लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन इसे दुरुस्त नहीं कराया जा सका है। इस मौके पर शेखर दीक्षित, संजय दीक्षित, योगेश कुमार,सतीश कुमार, टीकाराम, शालिग्राम, महेंद्र पाल,बाबूराम, बहादुरपाल, प्रदीप गंगवार, शिवचरण लाल वर्मा, ओम प्रकाश, मनोहरलाल, टीकाराम,मुन्नी देवी, चमेली देवी, कमला देवी, मोहन देवी आदि मौजूद रहे।

# शिकायत पर डीएम ने जांच को कमेटी की गठित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 15 दिन के अंदर जांच कर रिपोर्ट देने के दिए आदेश
- प्रधान-सचिव पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप, संडई ग्राम पंचायत

**अमृत विचारः** ग्राम प्रधान- सचिव पर विकास कार्यों के नाम पर फर्जीवाड़ा करने की शिकायत के बाद डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने दो सदस्यीय टीम गठित करते हुए प्रकरण की जांच 15 दिन में करते हुए जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मामला पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत संडई का है। ब्लाक क्षेत्र के गांव कुंवरपुर ताल्लुके आनंदपुर निवासी नंद किशोर गौतम ने बीते दिनों डीएम को शपथ पत्र सहित शिकायत की थी। शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत संडई के ग्राम प्रधान एवं सचिव पर विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का गबन करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने डीएम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक ग्राम पंचायत में कराए गए सभी कार्यों की जांच कराने की मांग की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की है।

जांच कमेटी में नामित जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल एवं लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के सहायक अभियंता योगेंद्र पाल को 15 दिन के अंदर शिकायत में दिए गए बिंदुओं की जांच करते हुए आख्या रिपोर्ट उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा दो सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बेसुध हालत में मिले युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचारः** नकटादाना चौराहे के पास बेसुध हालत में मिले युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदोई निवासी मिथुन ने बताया कि उसका बड़ा भाई 40 वर्षीय रवि राना पुत्र दिनेश कुमार पिछले चार साल से नकटादाना चौराहे के पास किराए के मकान में परिवार समेत रहता है। रविवार सुबह रवि काम पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह बेहोशी की हालत में मिला और जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिवार वाले सूचना मिलने पर पहुंचे और उनका रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बर्ड फेस्टिवल पर पक्षियों की प्रजातियों से रूबरू हुए स्कूली बच्चे, 1928 पक्षियों की गणना की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एसपी, डीएफओ ने वेटलैंड व पक्षी संरक्षण के प्रति किया जागरूक
- विश्व वेटलैंड दिवस पर शारदा डैम समेत पीटीआर रेंजों में हुए कार्यक्रम




शारदा सागर डैम में हुए बर्ड फेस्टिवल में मौजूद स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार




बर्ड वॉचिंग के दौरान स्कूली बच्चों के साथ एसपी व डीएफओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** विश्व वेटलैंड दिवस पर शारदा सागर डैम समेत पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सभी रेंज स्थित वेटलैंड पर स्कूली बच्चे पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों से रूबरू हुए। बर्ड फेस्टिवल के तहत 41 प्रजातियों के 1928 पक्षियों की गणना भी की गई। वन अफसरों द्वारा बच्चों को वेटलैंड और पक्षी प्रजातियों के साथ में विभिन्न जानकारियां दी। इस दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को डीआईजी/एसपी और डीएफओ ने पुरस्कृत किया।

विश्व वेटलैंड दिवस को सोमवार को बर्ड फेस्टीवल के रूप में मनाया गया। वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा घेरा रिछोला वेटलैंड पर बर्ड फेस्टीवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे एसपी अभिषेक यादव एवं डीएफओ भरत कुमार डीके ने जानकारी देते हुए बताया कि वेटलैंड संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र तथा जैव विविधता का केंद्र है। वेटलैंड जलापूर्ति, मत्स्य पालन, खेती, भूजल रिचार्जिंग में बड़ा योगदान देते हैं। इस दौरान स्कूली बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एसपी ने प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा शारदा सागर डैम पर भी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान समेत अन्य वन अफसरों ने वेटलैंड एवं पक्षी संरक्षण पर चर्चा की। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अख्तर मियां ने पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी। इसके अलावा बीसलपुर रेंज अंतर्गत गौहनिया वेटलैंड पर विश्व वेटलैंड दिवस मनाया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में मोहित गायत्री विद्या मंदिर एवं गौहनिया विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शारदा सागर डैम समेत विभिन्न वेटलैंडों पर सुबह 06 बजे से 10 बजे तक तीन चरणों में पक्षियों की गणना की गई। इसमें वन अफसरों, वनकर्मियों, वन प्रेमियों एवं स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया।

गणना के दौरान 41 प्रजातियों के 1928 पक्षियों की गणना की गई। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रताप सिंह, रेंजर बराही अरुण मोहन श्रीवास्तव, रेंजर महोफ सहेंद्र कुमार यादव, रेंजर माला रॉबिन सिंह, रेंजर दियूरिया लल्लन स्वरूप सिंह, रेंजर हरीपुर शहीर अहमद, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, हिमांशु वावल, ग्राम प्रधान लीलावती, डिप्टी रेंजर शेर सिंह, दिग्विजय सिंह, नवीन बोरा, शीलेंद्र कुमार, कौशलेंद्र कुमार समेत 241 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुधार कार्य के चलते बाधित रही बिजली

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर की बिजली सप्लाई एक बार फिर लड़खड़ा गई। सोमवार को सुबह से ही आधे शहर की बिजली गुल हो गई। सुधार कार्य के नाम पर सप्लाई बंद की गई थी। दोपहर में इसे चालू किया गया तो उपभोक्ताओं को राहत मिली। बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावों के बीच सेमवार को भी उपभोक्ता बेहाल हुए। निरंजनकुंज फीडर समेत कई जगह चल रहे कार्य के चलते शटडाउन लिया गया। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे सप्लाई चालू हो सकी। इस दौरान उपभोक्ताओं के सामने बिजली के साथ ही पानी की समस्या भी बनी रही। निरंजनकुंज कॉलोनी, अशोक कॉलोनी, एकता नगर, राम वाटिका कॉलोनी, बाजार समेत कई इलाकों में सप्लाई बाधित रही।

### बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश पर सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे बताया गया। कहा कि बच्चे का विवाह शिक्षित होने और आयु पूर्ण होने के उपरांत ही करें। खुद भी जागरुक हों और दूसरों को भी करें। इस दौरान छात्र - छात्राओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, जिला मिशन कॉर्डिनेटर सुवर्णा पाण्डेय, डॉ. सहिस पाल आदि मौजूद रहे।

### हज़ारा क्षेत्र में बाघ ने ग्रामीण पर किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम अशोक नगर निवासी 60 वर्षीय शब्बीर सोमवार को गन्ने के खेत में काम कर रहे थे। इस बीच एक बाघ ने हमला कर दिया। जिसमें बुजुर्ग घायल हो गए। घटना के बाद भीड़ जमा हो गई। घटनास्थल पीलीभीत के हज़ारा थाना क्षेत्र का था, जबकि वन विभाग की रेंज लखीमपुर के सम्पूर्णानगर की थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। घायल को अस्पताल भिजवाया गया। वन विभाग ने निगरानी टीम को लगाया। वहां ग्रामीणों को भी अलर्ट किया गया है। ग्रामीणों ने वन्यजीवों के आए दिन दस्तक देने को लेकर स्थाई इंतजाम कराने की मांग की है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

## अमरिया पुलिस ने की कार्रवाई, दो लाख रुपये नकद और चार मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए जालसाज और खुलासा करते एएसपी विक्रम दहिया।

**अमृत विचारः** नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को अमरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से चार मोबाइल और दो लाख रुपये बरामद किए गए। एएसपी ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। चालान कर कोर्ट में पेश करके चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

एसपी के आदेश पर अमरिया थाने में ग्राम भूड़ा के रहने वाले राजकुमार पुत्र भवानी प्रसाद की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट 16 सितंबर 2025 को दर्ज की गई थी। जिसमें पीड़िता ने बताया था कि उसके रिश्तेदार सुनगढ़ी क्षेत्र के अवधनगर कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार ने उसकी मुलाकात विकास भवन के बाल विकास विभाग में कार्यरत बांदा जिले के तहसील बसेहरी क्षेत्र के ग्रम आलमखेड़ा निवासी कमलेश कुमार पुत्र रामेश्वर से कराई थी। कमलेश ने रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर अपने साथियों की मदद से कुल 18 लाख रुपये ठग लिए थे। पुलिस विवेचना कर रही थी। इस दौरान ठगी के एक बड़े गिरोह को लेकर साक्ष्य मिले। इसके बाद एसपी ने टीम गठित और गहनता से छानबीन कराई गई। जिसके बाद अब पुलिस ने इस मामले में चार आरोपी कमलेश कुमार, शहर के मोहल्ला भूरे खां निवासी मोहम्मद मोहसिन पुत्र मोहम्मद हसनैन, शोएब पुत्र महबूब हसन और गोखरपुर के मोहल्ला कुसमी बाजार निवासी रामा यादव पुत्र रघुवीर यादव को गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सदर नताशा गोयल की अगुवाई में कार्रवाई की गई। सोमवार को पुलिस लाइन में एएसपी विक्रम दहिया ने प्रेसवार्ता कर गिरोह का भंडाफोड़ किया। जिसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

- एएसपी ने पुलिस लाइन में किया खुलासा

> नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से दो लाख रुपये, चार मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पूछताछ में कुछ तथ्य निकलकर आए हैं। इस पर भी छानबीन कराई जा रही है। **-विक्रम दहिया, एएसपी।**

### गिरोह में कई और भी सदस्य, सबकी अपनी-अपनी जिम्मेदारी

एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का गिरोह चलाते थे। वह फर्जी अभिलेख भी तैयार कराया करते थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह नौकरी गलवाने का झांसा देकर ठगी करते थे। अपने ही साथियों में से किसी को अधिकारी बताकर मिलवाते थे। गुजरात का रहने वाला शिवशंकर, गोला लखीमपुर का पंकज जायसवाल और लखनऊ का सरोज मौर्य भी इस गिरोह से जुड़ा है। जो भी रुपये ठगी से प्राप्त होते थे, उनको आपस में बांट लिया करते थे। शिवशंकर संग मिलकर ज्वाइनिंग लेटर आदि तैयार कराते थे। कुछ लोगों को तो चंद माह तक नौकरी कराकर विश्वास में लेने के लिए अपने पास से सैलरी भी दी। पुलिस अब इनके अन्य साथियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।

# बाइक सवार को रोडवेज बस ने रौंदा, मौत

**बरेली, अमृत विचार :** बाइक सवार को एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव चका निवासी इजहार अहमद वर्तमान में मयूर विहार, खजुरिया घाट थाना इज्जतनगर में रह रहा था। वह रविवार को दोपहर करीब 2 बजे अपनी बाइक से शहर की ओर जा रहा था। इजहार अहमद जैसे ही इज्जत नगर बैरियर नंबर-2 के पास साप्ताहिक बाजार के नजदीक पहुंचा, पीछे से आ रही रोडवेज बस के चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इजहार अहमद को गंभीर चोटें आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। युवक की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# खेल प्रतिस्पर्धा नहीं, टीम भावना विकसित करने का माध्यम



खिलाड़ियों से परिचय करतीं नगरपालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो दिवसीय आईसी फ्यूजन बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन, विजेता-उपविजेता पुरस्कृत

**अमृत विचारः** स्टेयर्स फाउंडेशन के तत्वावधान में ओम पांडेय, आलोक वर्मा और खुरेंद्र सिंह के कुशल संयोजन में आईसी फ्यूज़न स्पोर्ट्स अकादमी एसोसिएशन की ओर से आयोजित किए गए दो दिवसीय आईसी फ्यूज़न बैडमिंटन टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ।

प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसकी शुरुआत बतौर अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल, डायरेक्टर लिटिल एंजेल्स स्कूल डॉ. संजीव अग्रवाल , हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. संजीव मिश्रा, डीएफओ भरत कुमार डीके और डॉ. अनुज अग्रवाल ने कराई। दोनों दिनों तक खेले गए मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन किया और सम्मानित किए गए। वेटरन्स 65 प्लस डबल्स में गोपाल और अंकित, मेंस डबल्स में रेयांश व शिवम, मेंस सिंगल्स में आयुष पंकज, अंडर-15 डबल्स में दिव्यांश व हर्षित, अंडर-15 सिंगल्स में दिव्यांश विजेता बने। महिला वर्ग में जान्या विजेता और मान्शा राय उपविजेता रहीं। अतिथियों ने विजेता-उपविजेता को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस मौके पर आईसी फ्यूज़न स्पोर्ट्स अकादमी एसोसिएशन के मेंटर्स/डायरेक्टरस अभिजीत आनंद सिंह, हर्ष कंचन, आशीष आनंद सिंह आदि मौजूद रहे। नगरपालिका चेयरमैन ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

# महिला को बंधक बना लाखों की लूट

संवाददाता, मिर्जापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम याकूतपुर डडिया में शनिवार रात बदमाशों ने घर में सो रही महिला से मारपीट कर तीन लाख रुपये की नकदी समेत करीब 15 लाख रुपये के जेवर लूट लिए। घटना की तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वहीं लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों में भय व्याप्त है।

गांव याकूतपुर डडिया निवासी रूबी पत्नी हरवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात करीब 12 बजे वह अपने चार वर्षीय पुत्र आयुष के साथ घर में सो रही थी। उसके पति ढाईघाट मेले में दुकान लगाने गए हुए थे। इसी दौरान लाठी-डंडे और बांका लेकर पांच अज्ञात बदमाश घर में घुस आए और उसे दबोच लिया। शोर मचाने पर एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर बांका रखकर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ लात-घूंसे से मारपीट की। पीड़िता के अनुसार बदमाशों ने घर में रखी लोहे की अलमारी का ताला तोड़कर तीन लाख रुपये की नकदी निकाल ली। इसके बाद जिस संदूक में लगभग 12 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर रखे थे, उसे उठा ले गए। रविवार सुबह पीड़िता ने थाने में तहरीर दे दी, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

### मासूम को भी पीटा

रूबी ने बताया कि लुटेरों ने चाबी न देने पर उसके साथ मारपीट की। उसे पिटता देख उनका बेटा आयुष भी तेज तेज रोने लगा। तब बदमाशों ने उनके बेटे को भी पीटा और धमका कर शांत रहने को कहा। बेटा जब चुप नहीं हुआ तो उसे और पीटा। महिला ने बताया कि आरोपियों ने बेटे की हत्या की धमकी देते हुए शांत रहने को कहा। बेटे की जान बचाने को लिए वह चुप हो गई। इसके बाद बदमाश उसके घर से जेवरों और नकदी भरा बक्शा लेकर भाग गए।

### खेतों में पड़ा मिला बक्शा

महिला के घर से बदमाश बक्शा उठाकर ले गए। रूबी ने बताया कि बक्शा में सोने की चेन, हार, झाले, मांगवेंद, तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी पायल थी। इसके अलावा उसके कानों के कुंडल और पैरों की पायल भी नोचकर फरार हो गए। इसके बाद बक्शा खेतों में ले गए। वहां उन्होंने जेवर आदि सामान निकाल लिया और बक्शा फेंक दिया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब खेतों की तलाशी ली तो टूटा हुआ संदूक और बांका बरामद किया गया।

# साझीदार पर रुपये हड़पने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज सब्जी मंडी निवासी मुकेश चंद्र ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि चकभिटारा में कृष्णा वेयर हाउस का प्रोपाइटर है। वह बीज खरीद आदि बिक्री करता है। पार्टनशिप में दूसरा साझीदार आशीष निवासी छोटी सब्जी मंडी बहादुर थाना सदर बाजार है। एक-दूसरे की सहमति के बिना धनराशि निकासी का काम नहीं कर सकते है। मुकेश ने बताया कि 20 दिसंबर 25 को 47 लाख रुपये अपनी फर्म के श्रीराम हाईब्रिड के खाता से यूनिनयन आफ बैंक से एचडीएफसी बैंक शाखा टाउनहाल में गेहूं रिलीस के लिए ट्रांसफर किए थे। उसका आरोप है कि 21 दिसंबर 25 को उसके साझीदार ने धोखाधड़ी की नीयत से 47 लाख रुपये बैंकिंग के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। उसका आरोप है कि साझीदार, उसकी पत्नी समेत चार लोगों ने जान बुझकर उसके साथ धोखाधड़ी की है।

# मैन्युअल न हो तौल लिपिक की नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक में मौजूद जिला गन्नाधिकारी खुशीराम भार्गव। ● अमृत विचार

- जिला गन्ना अधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश
- 232 तौल लिपिकों के हुए ऑनलाइन स्थानांतरण

**अमृत विचारः** गन्ना भवन में जिला गन्नाधिकारी खुशीराम भार्गव की अध्यक्षता में सोमवार को गन्ना क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें चीनी मिलों के गन्ना खरीद, चीनी उत्पादन, चीनी पर्ता, क्रय केंद्र निरीक्षण, गन्ना किस्मों की पहचान को हो रहे गन्ना सर्वे और बसंतकालीन गन्ना बुआई की चर्चा की गई।

वर्तमान में सभी चीनी मिलें गन्ना पेराई का कार्य कर रही हैं। प्रतिदिन 2.12 लाख क्विंटल गन्ना खरीद की जा रही है। अभी तक 168.34 लाख क्विंटल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल द्वारा 104.59 लाख क्विंटल, बरखेड़ा चीनी मिल ने 35.91 लाख क्विंटल, बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 13.82 लाख क्विंटल, पूरनपुर चीनी मिल द्वारा 14.02 लाख क्विंटल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल ने 22 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का 353.99 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया है। बीसलपुर चीनी मिल ने छह जनवरी तक क्रय किए गए गन्ने का 32.60 करोड़, पूरनपुर मिल ने 17 दिसंबर 2025 तक क्रय किए गए गन्ने का 21.50 करोड़ और बरखेड़ा मिल ने 15 नवंबर 2025 तक खरीद किये गए गन्ने का 3.27 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेजा है।

बैठक में जनपद की चारों चीनी मिलों के 232 तौल लिपिकों का ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम द्वारा पाक्षिक स्थानांतरण किया गया। जिसकी प्रति सभी चीनी मिल प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। निर्देश दिए गए कि किसी भी तौल लिपिक की नियुक्ति मैन्युअल न की जाए। क्रय केन्द्रों पर पेयजल, पशुओं के पानी पीने के लिए नाद, मानक बांट का होना अनिवार्य है। बैठक में अध्यक्ष गन्ना समिति पीलीभीत दिग्विजय सिंह, केबी शर्मा, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

# आरपीएफ महिला सिपाही, टीटीई समेत 3 मकानों में चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- टीटीई के घर से पांच हजार रुपये आदि सामान चोरी, अन्य के आने पर पता चलेगा

**अमृत विचारः** मोहल्ला ढकाताल रेलवे कालोनी में चोरों ने आरपीएफ महिला सिपाही, टीटीई समेत तीन घरों से चोर नगदी आदि सामान ले गए। चोरी की घटना से कालोनी के रेल कर्मचारियों में भय व्याप्त है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ढकाताल रेलवे कालोनी निवासी महीलाल टीटीई के पद पर कार्यरत है। उनकी ड्यूटी वर्तमान में पूछताछ कार्यालय में है। उनकी पत्नी और बच्चे लखनऊ में रहते है। रविवार की रात उनकी ड्यूटी पूछताछ कार्यालय में थी। चोरों ने रात में उनके मकान का ताला तोड़ दिया और नकदी आदि सामान चुरा ले गए। वह सुबह घर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोर पांच हजार रुपये आदि सामान ले गए है। रेलवे कालोनी में ही आरपीएफ की महिला सिपाही पूर्णिमा और रुपाली एक मकान में रहती है। दोनों महिला सिपाही छुट्टी लेकर अपने घर गयी थीं। चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ दिया और नगदी आदि चुरा ली। पड़ोसियों ने सुबह उनके मकान का ताला टूटा देखा और आरपीएफ के कर्मचारियों को सूचना दी।

आरपीएफ के जवान उसके मकान पर गए और देखा कि सामान कमरे बिखरा पड़ा था। दोनों महिला सिपाहियों को सूचना कर दी है। उनके आने पर पता चला कि क्या-क्या सामान गया है। इसी कालोनी में फैयाज अहमद रहते है, जो कि रेलवे सिग्नल विभाग में कार्यरत है। वह बच्चों समेत बाहर गए है। चोरों ने उनके मकान का भी ताला तोड़ दिया।

पड़ोसियों ने उनके मकान का दरवाजा खुला देखा तो आवाज लगायी, लेकिन से कोई आवाज नहीं आई। पड़ोसियों ने देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। पड़ोंसियों ने चोरी की सूचना फैयाज अहमद को दे दी है। उनके आने पर ही पता चला कि चोर क्या सामान ले गए। कालोनी के लोगों ने बताया कि कई मकान निष्प्रयोज्य है और स्मैकियों का अड्डा बन गया। चोरी की घटना से कालोनी में दहशत व्याप्त है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने थाना पर सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गन्ना सेंटर से हजारों रुपये के बाट चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र में डालमिया चीनी मिल का गन्ना सेंटर है। चोर गन्ना सेंटर से 50 किलो के 10 बाट और 10 किलो का एक बाट चुराकर ले गए है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 25 हजार रुपये बतायी जा रही है। गन्ना सेंटर के चौकीदार विवेक दीक्षित ने चोरी की सूचना थाना पर दी है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात नौ बजे वह खाना खाने के लिए घर चला गया था। इसी दौरान चोर बाट चुराकर ले गए।

# जंक्शन से अगवा 3 साल की बच्ची 14 घंटे में बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जीआरपी-आरपीएफ ने पीलीभीत के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन से रविवार की रात तीन साल की बच्ची का अपहरण हो गया। इसके बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीम अलर्ट हो गई। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज करके बच्ची की तलाश शुरू की। 14 घंटे बाद सिटी स्टेशन से बच्ची को ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया।

बरेली जंक्शन से रविवार की रात भीख मांगने वाली सुभाषनगर क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसकी तीन साल की बच्ची का एक युवक अपहरण कर ले गया है। इसके बाद जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज की। जीआरपी थाना प्रभारी सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि उसके बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने बच्ची की तलाश शुरू की। इसमें एक आरोपी बच्ची को ट्रेन से ले जाता हुआ दिखाई दिया। अगले दिन जीआरपी ने बरेली सिटी स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने बच्ची को भी बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी धर्मपाल निवासी पीलीभीत थाना बरखेड़ा के गांव पतरसिया ने बताया कि वह नशा करता है। बच्ची को ट्रेन में बैठाकर ले गया था। इसके बाद सिटी स्टेशन पर उतर गया था।

# पुरानी रंजिश में भिड़े दो पक्ष, चले लाठी डंडे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव में घटना
- पुलिस ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचारः** पुरानी रंजिश में सिरसा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। लाठी डंडे और बांके से एक दूसरे पर हमला किया। कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली पूरनपुर में दी गई तहरीर में ग्राम सिरसा निवासी राजकुमार ने बताया कि गांव के ही संजय, हेमनाथ, अरुण पुरानी रंजिश के चलते 25 जनवरी को शाम चार बजे उसके घर आकर गाली गलौज करने लगे। घर में घुसकर हमला कर दिया। शोर पर पीड़ित को बचाने आई पत्नी, मां और चाची को भी हमला कर पीटा। घर के सामान में भी तोड़फोड़ की गई। वहीं, दूसरे पक्ष से संजय कुमार पुत्र हेमनाथ ने तहरीर देकर बताया कि 24 जनवरी को दोपहर तीन बजे गांव के ही राजकुमार पुत्र रामचंद्र से मामूली विवाद हो गया था। इसका कुछ संभ्रांत नागरिकों ने समझौता करा दिया था। इसके बाद दूसरे दिन 25 जनवरी को शाम पांच बजे वह पूरनपुर से ई-रिक्शा लेकर घर जा रहे थे। इसी बीच पुरानी रंजिश में राजकुमार, ममता देवी, आरती देवी, मंजू देवी ने हमला कर पिटाई कर दी। पूरनपुर पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

# ईओडब्ल्यू ने शुरू की फोरलेन घोटाले की जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो राजस्व निरीक्षक समेत छह लेखपालों को नोटिस जारी
- भूमि अधिग्रहण घोटाले में लिप्त होने पर हुई निलंबन कार्रवाई

**अमृत विचारः** बरेली-सितारगंज फोरलेन परियोजना में परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में घोटाले की जांच अब आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) करेगा। ईओडब्ल्यू द्वारा मामले की जांच भी शुरू की गई है। इस मामले में ईओडब्ल्यू की ओर से दो राजस्व निरीक्षक और 6 लेखपालों को नोटिस भेजा गया है।

वर्ष 2020 में बरेली से पीलीभीत और उत्तराखंड की सीमा सितारगंज को जोड़ने वाला 71 किमी टू लेन हाईवे को फोर लेन करने की मंजूरी मिली थी। मंजूरी मिलने के बाद नक्शे में कोई भूखंड नहीं था और 2021 में जमीन के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई थी। जमीन अधिग्रहण की जानकारी लगते ही बाहरी लोगों ने मुआवजे की बड़ी रकम डकारने को आनन फानन कई स्ट्रक्चर खड़े कर दिए थे। हाईवे को लेकर सदर तहसील के 06 एवं अमरिया तहसील के 21 गांवों की 95 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई। बाद में साठगांठ के चलते अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद ऐसे स्ट्रक्चरों के नाम पर मुआवजे की बड़ी रकम हड़प कर ली गई। जांच में बाद करोड़ों के घोटाले का मामला पकड़ में आया था। शासन के निर्देश पर कई बड़े अफसरों समेत राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई की गई थी।

तत्कालीन मंडलायुक्त के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर द्वारा की गई जांच के बाद इस मामले में अमरिया एवं सदर तहसील के छह लेखपालों और दो राजस्व निरीक्षकों के विरुद्ध भी निलंबन की कार्रवाई की गई थी। इधर अब शासन ने पूर्व में हुए फोरलेन भूमि अधिग्रहण घोटाले की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को सौंपी है। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। इस मामले में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की ओर से पूर्व में निलंबित हुए सभी 06 लेखपालों समेत दोनों राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी किए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बताया कि प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू द्वारा शुरू कर दी गई है।

### ईओडब्ल्यू ने छह बिंदुओं पर मांगी सूचना

आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन ने छह बिंदुओं पर सूचना एवं अभिलेख तलब किए हैं। इसमें भूमि अधिग्रहण अधिसूचना के प्रकाशन एवं नोटिफिकेशन तिथि, अधिग्रहित भूमि की धारा 80 से संबंधित पत्रावली, भूमि अधिग्रहण अधिसूचना की धारा 3ए के अंतर्गत अधिग्रहण के लिए चिन्हित जमीन का विवरण राजस्व ग्राम व भूमि स्वामी सहित, धारा 80 के पहले एवं बाद में अधिग्रहित जमीन का सर्किल रेट, भूमि अधिग्रहण अधिसूचना 3ए के प्रकाशन के उपरांत जमीन क्रय करने वाले विक्रेताओं/व्यक्तियों का विवरण मोबाइल नंबर एवं पता और अधिग्रहित संपत्तियों के सापेक्ष भूस्वामियों को भुगतान का वितरण।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
महीने के प्रत्येक रविवार को समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निःशुल्क परामर्श डॉ. दीपक माहेश्वरी M.B.B.S., M.D. Consultant Physician & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल CARE FOR SURE
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली 9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## न्यूज ब्रीफ

### मिट्टी उतरवाने को लेकर युवक को पीटा

**सिंगाही, अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र के टॉपर पुरवा मजरा मोतीपुर निवासी जिबराइल ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसका भाई आरिफ गांव के जलालू के डनलप से मिट्टी उतरवा रहा था। इसी दौरान इसमाइल मौके पर पहुंचा और आरिफ के साथ मारपीट करने लगा। जब जिबराइल ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि इसमाइल, भूरा और नवीन ने जिबराइल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

### जुआ खेलते तीन युवक किए गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी पुलिस ने छापा मारकर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे थाना क्षेत्र के गांव सैदीपुर हरैया निवासी राजू सिंह, घूरेलाल और जगसड़ निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने माल फड़ से 21500 रुपये और जामा तलाशी में 650 रुपये व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेले का हुआ आरंभ

**रजागंज, अमृत विचार :** ग्राम करनपुर में ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेले का सोमवार को पंडित प्रदीप महाराज ने अखंड पाठ, गणेश पूजन, ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ कराया कलाकारों ने प्रथम दिवस शिव पार्वती विवाह, नारद मोह, अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव राजा दशरथ के महल में बधाई उत्सव का मंचन किया। भगवान श्रीराम राम जन्म की झांकी देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर मेला आयोजक मनोज मेहरोत्रा, बब्बू मेहरोत्रा समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुक्तिधाम रोड निवासी इंद्रजीत सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर जिंदबाबा स्थान पर लगने वाले मेले में उनकी भाभी प्रिया पत्नी अंकित सिंह मेला देखने गई थी। वहां किसी अज्ञात महिला ने उनकी भाभी का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। उन्होंने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# प्लास्टिक पाइपों के ढेर में लगी आग

## फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची, चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर में स्थित पीके इंटर कॉलेज परिसर में लगे प्लास्टिक के पानी वाले पाइपों के ढेर में रविवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचे। फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण साफ नहीं हो सका है। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

जल जीवन मिशन के तहत जिले में कई स्थानों पर पाइप लाइनों के बिछाने का कार्य चल रहा है। बताया जाता है कि लाइन में बिछाने के लिए प्रयोग होने वाले प्लास्टिक के पाइपों का ढेर बेहजम रोड स्थित पीके इंटर कॉलेज के मैदान में लगा था। रविवार की देर रात अचानक पाइपों के ढेर में आग लग गई। इससे पूरे परिसर और आसमान में धुआं फैल हो गया। लोग जब तक कुछ समझ पाते और मौके पर पहुंचते। इससे पहले ही आग काफी तेज हो गए और उसमें से उठने वाली आप की लपटें मानों आसमान को छूने लगीं। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। शोर शराबा और आग की लपटों को देख आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और आग लगने की सूचना पुलिस व फायर बिग्रेड को दी।



धू-धू कर जल रहे प्लास्टिक के पाइप। ● अमृत विचार

● पीके इंटर कॉलेज परिसर में लगा था जल जीवन मिशन के पाइपों का ढेर

> पीके इंटर कॉलेज में जल जीवन मिशन के तहत पड़ने वाली पाइप लाइन के प्लास्टिक पाइपों का ढेर लगा था, जिसमें आग लगी थी, जिसमें बुझा लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। जांच की जा रही है।
> –राजेश कुमार सिंह, शहर कोतवाल।

सूचना पाकर सदर कोतवाली पुलिस, यूपी 112 पुलिस के साथ सायरन बजाते हुए फायर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की। आग इतनी प्रचंड थी की फायर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब चार घंटे तक कर्मचारी जूझते रहे। तब जाकर कहीं आग पर काबू पाया जा सका। कॉलेज परिसर में जल जीवन मिशन के तहत लाई गई प्लास्टिक की पाइप लाइन जलने से लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। फिलहाल प्रशासन और अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। बताते हैं कि ग्राउंड काफी बड़ा होने के कारण लोगों के मकान हादसा स्थल से काफी दूर थे। यदि मकानों के आसपास ढेर लगा होता और उसमें आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### शरारत को लेकर फुटेज खंगाल रही पुलिस

मैदान में लगे प्लास्तिक के पानी वाले पाइपों में आग कैसे लगी। यह एक बड़ा सवाल खड़ा है। इसका जवाब तलाशने के लिए सदर कोतवाली पुलिस ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे कैमरों को भी खंगाल रही है ताकि आग लगने का वास्तविक कारण सामने आ सके। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## पाइप लाइन टूटने से सड़क बह रहा पानी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर नल की टोंटी टूटने से पानी बह रहा है। पाइप टूटने से सप्लाई के समय पानी यूं ही नाले, सड़क पर बहता है। लोग स्वच्छ जल पीने को परेशान होते हैं, वहीं विश्वकर्मा मार्ग होते हुए पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर नगर पालिका की पाइप लाइन की टोंटी टूट जाने से हजारों लीटर पानी बेकार में सड़क और नाली में बह रहा है। सड़क पर पानी बहने से लोगों को आवाजाही में भी परेशानी हो रही है। आसपास के लोगों ने पाइपलाइन ठीक किए जाने की मांग की है। नगर पालिका के जलकल विभाग के जेई आदर्श कुमार मिश्रा ने बताया कि पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले पश्चिम मार्ग पर कॉरिडोर निर्माण कार्य के चलते नाली का निर्माण कराया जा रहा है। संभवतः कार्य के दौरान पाइप टूट गई होगी। जानकारी हुई है, उसे दुरुस्त करा दिया जाएगा।



पाइपलाइन की टोंटी टूटने से बह रहा पानी।

# कैंसर जांच को निर्मलनगर में विशेष शिविर कल

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे जांच

**अमृत विचारः** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 फरवरी को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में विशेष कैंसर जांच शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर की निःशुल्क जांच की जाएगी।



डॉ. संतोष गुप्ता।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित होगा। उन्होंने बताया कि कैंसर के प्रमुख कारणों में तंबाकू, गुटखा, खैनी, पान मसाला का सेवन, धूम्रपान एवं शराब का सेवन, मुंह की सफाई का अभाव, संतुलित भोजन, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता एवं असुरक्षित यौन संबंध शामिल हैं।

शिविर के दौरान महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों जैसे स्तनों के आकार या बनावट में बदलाव, निप्पल से स्राव, स्तन या कांख में गांठ, लगातार दर्द आदि की जांच की जाएगी। वहीं सर्वाइकल कैंसर के तहत माहवारी के बीच रक्तस्राव आदि लक्षणों की जांच की जाएगी। ओरल कैंसर की जांच में मुंह में सफेद या लाल धब्बे, लंबे समय से न भरने वाले छाले, मुंह खोलने में कठिनाई, जीभ या गाल में गांठ जैसे लक्षणों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सीएमओ ने बताया कि जांच के दौरान यदि कोई भी मरीज संदिग्ध या पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे आगे के उपचार हेतु उच्च चिकित्सा केंद्रों पर अग्रसारित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि विश्व कैंसर दिवस पर संकल्प लें, स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें ताकि कैंसर जैसी बीमारी से काफी हद तक बचाव किया जा सके। 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी महिला एवं पुरुषों को कम से कम पांच वर्ष में एक बार कैंसर की स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर उत्तर पुस्तिकाओं की पहली खेप जिले में पहुंची

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में सुरक्षित रखवाईं

**अमृत विचारः** 18 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार जिले में कुल 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 90,244 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 49,980 हाईस्कूल और 40,264 इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इतने बड़े परीक्षा संचालन को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने समय रहते उत्तर पुस्तिकाओं की पहली खेप भी जिले को भेज दी है, जो शुक्रवार को शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में सुरक्षित रूप से पहुंच गई। पहली खेप में लगभग 324625 अ उत्तर पुस्तिकाएं और 64000 ब उत्तर पुस्तिकाएं पहुंची हैं।

डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि पहली खेप में हाईस्कूल की अ कॉपी 2,54,625 और ब कॉपी 32,000 जिले को मिल चुकी हैं। वहीं इंटरमीडिएट की अ कॉपी 70,000 और ब कॉपी 32,000 भी प्राप्त हो गई हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए परिषद ने इन उत्तर पुस्तिकाओं को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखने के निर्देश दिए हैं। राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में इन्हें 24 घंटे क्रियाशील वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है और पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा शुरू होने से पहले सभी केंद्रों पर सादी उत्तर पुस्तिकाओं की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के प्रवेशपत्र, नामावलियां और अन्य परीक्षा सामग्री भी शीघ्र ही संबंधित विद्यालयों को वितरित की जाएगी। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगत प्रकाश सिंह ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की पहली खेप मिल चुकी है और शेष सामग्री आते ही सभी परीक्षा केंद्रों पर वितरण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# हाईवे पर दौड़ रहे ओवरहाइट गन्ना भरे ट्रक

संवाददाता, मझगईं

● प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी नहीं लग रही रोक

**अमृत विचारः** मोहम्मदी और ओयल में हुए हादसे के बावजूद पलिया-निघासन हाईवे पर इन दिनों ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना भरे ट्रक बेधड़क फर्राटा भरते दिखाई दे रहे हैं। ये भारी वाहन न सिर्फ नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों की जान पर भी बन आए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज गति से जा रहे एक ओवरहाइट गन्ना ट्रक से एक चार पहिया वाहन चालक बाल-बाल बचा। हैरानी की बात यह है कि ऐसे ट्रक जिम्मेदार अधिकारियों के सामने से लगातार गुजर रहे हैं, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। एआरटीओ ने पिछले दिनों बेलरायां-निघासन मार्ग पर ताबड़तोड़ कार्रवाई भी की, लेकिन इसके बाद भी ट्रक स्वामी और चालकों में प्रशासन का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। कुछ समय पूर्व जनपद स्तर पर हुई बैठक में यह साफ किया गया था कि आठ टायरा ट्रक में अधिकतम 160 क्विंटल और दस टायरा ट्रक में 200 क्विंटल से अधिक गन्ना परिवहन नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर क्षमता से कहीं अधिक गन्ना लादकर ट्रक सड़कों पर दौड़ रहे हैं। चार दिन पहले पहले मोहम्मदी क्षेत्र में एक ओवरलोड गन्ना ट्रक स्कूली वैन पर पलट गया था। संयोगवश वहां मौजूद ग्रामीणों की सतर्कता से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे के दूसरे दिन ओयल में हादसा हुआ।



स्टेट हाईवे पर खड़ा गन्ना भरा ट्रक।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते आए दिन ओवरहाइट ट्रकों से हादसे हो रहे हैं, जिनमें निर्दोष राहगीरों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर प्रशासन की ऐसी कौन सी मजबूरी है, जो इन ओवरलोड गन्ना वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। राहगीरों और वाहन चालकों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरते समय उन्हें हर पल हादसे का खतरा महसूस होता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना वाहनों पर सख्त रोक नहीं लगाई गई, तो वे आंदोलन और प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# विज्ञान कार्यक्रम के लिए दो छात्राओं का चयन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● आईआईटी कानपुर प्रयोगशाला में काम करने का मिलेगा अवसर

**अमृत विचारः** विज्ञान के क्षेत्र में जिले की बेटियों की प्रतिभा को नया अवसर मिला है। छात्राओं में वैज्ञानिक समझ बढ़ाने और उन्हें बड़े शैक्षणिक मंच से जोड़ने के उद्देश्य से आईआईटी कानपुर से जुड़े ओआरईआई विज्ञान संवर्धन कार्यक्रम के लिए लखीमपुर की दो छात्राओं का चयन किया गया है। डीआईओएस ने बताया कि चयनित छात्राओं की सूचना माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को भेज दी गई है। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, लखीमपुर की छात्रा माही रस्तोगी (92 प्रतिशत) और अंशिका मिश्रा (87 प्रतिशत) को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। दोनों छात्राएं अब जिला स्तर की आगे की प्रक्रिया में भाग लेंगी, जिसके बाद राज्य स्तर पर अंतिम सूची तय होगी।

चयन में उन छात्राओं को प्राथमिकता दी गई जिन्होंने कक्षा-11 विज्ञान वर्ग में हाईस्कूल की अर्धवार्षिक परीक्षा में विज्ञान विषय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए थे, ताकि बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को ही यह मौका मिल सके। चयनित विद्यार्थियों के लिए मार्च से मई के बीच पांच दिन का आवासीय वैज्ञानिक शिविर आईआईटी कानपुर स्थित ओआरईआई केंद्र में आयोजित किया जाएगा। यहां छात्राओं को प्रयोगशाला में काम करना, वैज्ञानिक मॉडल बनाना, छोटे प्रोजेक्ट तैयार करना और नए वैज्ञानिक प्रयोग सीखने का अवसर मिलेगा। शिविर के अंत में एक सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को विशेष पुरस्कार भी दिया जाएगा। डीआईओएस ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाएगा और उन्हें आगे चलकर आईआईटी जैसे बड़े संस्थानों में पढ़ाई के लिए प्रेरित करेगा। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों छात्राओं को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ट्रेन में उचक्के ने पर्स उड़ाया

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** श्याम कन्हैया कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार सक्सेना शाम को लखनऊ जाने वाली गोरखपुर एक्सप्रेस में अपनी पत्नी और बेटी को बैठाने गये थे। बताया कि खिड़की पर चढ़ते समय उचक्के ने उनका पर्स पार कर लिया। ट्रेन चली जाने के बाद बाहर आए तब देखा कि जेब में पर्स नहीं है। पर्स में 790 रुपये, बैंक एटीएम, आधार कार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि कागजात थे। उन्होंने सूचना रेलवे पुलिस चौकी में दी। लागों का कहना है कि भीड़भाड़ के त्यौहार, अमावस्या, माघ पूर्णिमा और सावन मेला में उचक्के सक्रिय हो जाते हैं।

# सेमरिया गांव से बिजुआ तक बनेगी पक्की सड़क



सेमरिया में सड़क के लिये भूमि पूजन करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** विधायक अमन गिरि के अथक प्रयासों से बिजुआ से सेमरिया गांव तक संपर्क मार्ग का नवनिर्माण किया जाएगा, इसके लिए विधायक ने भूमि पूजन किया। वहां मौजूद लोगों की समस्याएं सुन उनका निराकरण भी किया।

गोला विधायक अमन गिरि ने बिजुआ विकास खंड में बिजुआ से सिमरिया गांव तक 310.56 लाख रुपये की लागत से चार किलोमीटर लंबे जर्जर मार्ग का भूमि पूजन कर पुनर्निर्माण शुरू करवाया। यह सड़क रामालक्ष्ना, पल्हनापुर, अंबारा सहित कई गांवों को जोड़ेगी, जिससे बरसों से कीचड़ और दलदल की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह मार्ग बरसात के मौसम में कीचड़युक्त दलदल में बदल जाता था, जिसके कारण स्थानीय निवासियों, राहगीरों आदि को काफी परेशानी होती थी, अब इस निर्माण से कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

पूजन के दौरान बिजुआ ब्लॉक प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह रामगुलाम पांडे, भाजपा नेता अजय गिरि सपल्लू, राजेश सिंह, वेद दीक्षित, अश्वनी बाजपेयी, डॉ. राकेश सिंह, सुदेश बाजपेयी, रामलखन मिश्रा मौजूद रहे।

# इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक दी विदाई

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकादमी लक्ष्मनजती गोला के कक्षा 12 के छात्रों को समारोह पूर्वक उनके मस्तक पर तिलक लगाकर, उन्हें स्मृति चिह्न के साथ विदाई दी गई।

विदाई समरोह में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए गत वर्षों के अनुभव और विचार व्यक्त किए। छात्र -छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर नृत्य किया और रोचक खेलों का आनंद उठाया। समारोह में अनमोल प्रीत सिंह मिस्टर फेयरवेल तथा मनप्रीत कौर मिस फेयरवेल चुनी गयीं। मोहम्मद समी मिस्टर पापुलर, अनुष्का सिंह मिस पापुलर, अंशिव, शिवम मिस्टर इंट्रोवर्ट, अलीशा, खुशबू मिस इंट्रोवर्ट, यथार्थ मिस्टर परफेक्ट तथा तनिष्का मिस परफेक्ट चुनी गईं। सिमरन, परमवीर बेस्ट इन स्पोर्ट्स, अनिकेत मिस्टर डिसिप्लिन्ड, उमान मिस डिसिप्लिन्ड, देव भसीन मिस्टर हैण्डसम और अवनी कात्यानी मिस ब्यूटीफुल चुनी गईं। विद्यालय प्रबंध निदेशक विधायक अमन गिरि ने दूरभाष पर विद्यालय से विदा हो रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र, शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने मूल्यवान सुझावों के साथ विद्यालय से विदा हो रहे छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल में छात्रों के साथ मौजूद अतिथि और शिक्षक।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
11 जनवरी 2026, रविवार
25 जनवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# दुधवा में धूमधाम से मना विश्व आर्द्रभूमि दिवस व बर्ड फेस्टिवल

## विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि व पक्षियों के महत्व से कराया रूबरू, चित्रकला स्पर्धा, गोष्ठियां, प्रकृति शिक्षण सत्र, बर्ड वॉचिंग और शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम हुए आयोजित

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार** : विश्व आर्द्रभूमि दिवस एवं वर्ल्ड बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर दुधवा टाइगर रिज़र्व प्रभाग की सभी वनरेंजों में जागरूकता, शिक्षा और संरक्षण आधारित कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के महत्व को समझाना व जैव विविधता के संरक्षण के लिए भावी पीढ़ी को प्रेरित करना रहा।

दुधवा टाइगर रिज़र्व प्रभाग द्वारा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता के साथ चित्रकला प्रतियोगिता, जागरुकता गोष्ठियां, प्रकृति शिक्षण सत्र, बर्ड वॉचिंग और शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि क्षेत्रों में ले जाकर पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके आवास, प्रवास व्यवहार और भोजन श्रृंखला की जानकारी दी गई। वन अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने बताया कि आर्द्रभूमियां केवल पक्षियों का आश्रय स्थल ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण, बाढ़ नियंत्रण, भूजल पुनर्भरण, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु संतुलन बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस मौके पर दुधवा की दक्षिण सोनारीपुर, बनकटी, गौरीफंटा सहित विभिन्न रेंजों में छात्र-छात्राओं की गोष्ठियां, प्रश्नोत्तरी और संरक्षण विषयक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि आर्द्रभूमियों का संरक्षण न केवल वन्यजीवों, बल्कि मानव जीवन और भविष्य की जल सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

**किशनपुर रेंज की कटैया वनचौकी पर विशेष गोष्ठी:** किशनपुर रेंज अंतर्गत कटैया वनचौकी परिसर में एक विशेष जागरूकता गोष्ठी एवं बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुधवा टाइगर रिज़र्व के बायोलॉजिस्ट विपिन कपूर सैनी द्वारा किया गया। उन्होंने विश्व आर्द्रभूमि दिवस की थीम, आर्द्रभूमियों की परिभाषा, उनके प्रकार और पारिस्थितिक महत्व पर विस्तार से बताया। बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम के दौरान 60 से अधिक प्रजातियों के लगभग 300 से अधिक प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों का अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों को पक्षियों की पहचान, उनकी आवाज़, व्यवहार और संरक्षण से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे उनमें प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति रुचि विकसित हुई। कार्यक्रम के अंत में वन्यजीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों को आर्द्रभूमि एवं प्रवासी पक्षियों के संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रेंजर नवीन दिवाकर सहित अन्य वनकर्मी, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



दुधवा में आर्द्रभूमि व पक्षियों से रूबरू होते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### सई नदी उद्गम स्थल पर मनाया वेटलैंड दिवस



**पसगवां** : सई नदी उद्गम स्थल पर संविलयन विद्यालय अल्लीपुर के बच्चों के साथ पर्यावरण प्रेमी और शिक्षक हरेंद्र वर्मा ने विश्व वेटलैंड दिवस मनाया। साथी शिक्षक इंद्रपाल सिंह व अभिषेक सिंह के साथ वेटलैंड को संरक्षित करने के लिए बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि यूनेस्को की घोषणा पर दो फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर जल, जंगल जमीन और पर्यावरण से जुड़े नारे लिखी तख्तियों के साथ सई नदी उद्गम स्थल के किनारे एक रैली भी निकाली।

### विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि के संरक्षण को किया प्रेरित



बांकेगंज ।मैलानी वन क्षेत्र के नगरिया वेटलैंड में विद्यार्थियों को आद्र्र भूमि संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया तथा वेटलैंड में मौजूद पक्षियों को दिखाते हुए पर्यावरण में उनकी उपयोगिता को बताया गया। विद्यार्थी भी दूरबीन से पक्षी देखकर प्रसन्न हुए यद्यपि सुबह घने कोहरे के कारण तालाब में दूर मौजूद पक्षी नहीं दिखाई दिए। विनायक इंटर कॉलेज के करीब 40 छात्र छात्राएं सुबह सात बजे नगरिया वेटलैंड पहुंचे। वहां सबसे पहले वन विभाग की टीम उन छात्र छात्राओं को नगरिया तालाब के किनारे ले गई और तालाब में मौजूद किंग फिशर, डार्टर, सारस, कामन टील, ब्लैक ड्रांगो, व्हाइट नेक स्टार्क, ब्लैक नेक स्टार्क, एग्रेट पक्षियों के बारे में जानकारी दी। प्रत्येक छात्र को दूरबीन से पक्षियों को दिखाया। साथ ही पक्षियों के प्रति विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत किया। नगरिया ग्राम प्रधान संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि नगरिया तालाब 52 .47 एकड़ में फैला हुआ है। पहले यहां बड़ी संख्या में मेहमान पक्षी आया करते थे। मानव दखल के कारण उनकी संख्या काम हो रही है। इस मौके पर सहायक अध्यापक अजय यादव, कुकरा सहकारी समिति के पूर्व एमडी भगवानदीन, जटपुरा बीट के फॉरेस्टर राजाराम तिवारी, वन दरोगा सागर कुशवाहा, वनरक्षक हरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### सेमरई वेटलैंड पर वन विभाग ने स्कूली बच्चों को दी जानकारी



**केशवापुर** : दक्षिण खीरी वन विभाग के अधिकारियों ने सेमरई वेटलैंड पर स्कूली बच्चों के साथ वर्ड फेस्टिवल मनाया। दक्षिण खीरी उप प्रभागीय वनाधिकारी अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में रेंजर मोहम्मदी निर्भय प्रताप शाही, रेंजर शारदा नगर, रेंजर मैगलगंज, गोला डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ने रामस्वरूप पब्लिक स्कूल रजौरा के बच्चों को वेटलैंड में भ्रमण कराकर आद्र्रभूमि का महत्व समझाया। बच्चों ने महोत्सव में भाग लेने वाले ग्रामीणों को पेंटिंग के माध्यम से सन्देश दिया। भ्रमण के दौरान पक्षियों के बारे में व तालाबों, झीलों, पशु-पक्षियों की उपयोगिता के बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिंह ने समझाया। पर्यावरण को स्वस्थ व स्वच्छ रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में हुए 8 नामांकन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार**: सेंट्रल बार एसोसिएशन के हो रहे चुनाव में विभिन्न पदों के लिए पहले दिन आठ प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा किए हैं, जबकि 17 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे थे।

मुख्य चुनाव अधिकारी लालबिहारी वर्मा एडवोकेट, सहायक चुनाव अधिकारी आदर्श कुमार वर्मा, सत्यपाल मिश्रा, विजेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार पांडे एडवोकेट की मौजूदगी में अध्यक्ष पद के लिए रामकुमार गौतम, उपाध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार मिश्रा, महामंत्री पद के लिए संदीप कुमार अवस्थी, जितेंद्र कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री पद के दिए नवीन प्रकाश श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र कुमार, गौरव झा, सुरेंद्र कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी लालबिहारी वर्मा ने बताया कि आज तीन फरवरी को भी नामांकन दाखिल किए जाएंगे।


गोला में महामंत्री पद के लिए नामांकन दाखिल करते संदीप अवस्थी एडवोकेट।

# एआरटीओ ने गन्ना भरे ट्रक समेत सीज किए 7 वाहन

- बिना परमिट और वैध कागजातों के दौड़ रहे थे वाहन
- वाहनों के अवैध संचालन पर सख्ती से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार** : एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय ने सोमवार को पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों की अनदेखी, वैध परमिट और अधूरे कागजातों पर दौड़ रहे गन्ना भरे ट्रक समेत सात वाहन सीज कर थाना फरधान पुलिस को सौंप दिया।

एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने बताया कि जांच में तीन बसें ऐसी पाई गईं जो बिना वैध परमिट व बिना निर्धारित शर्तों का पालन किए संचालित हो रही थीं। इन बसों को सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त एक स्कूली वाहन, जिसका फिटनेस प्रमाणपत्र एवं परमिट अमान्य पाया गया, को भी बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संचालन से रोक दिया गया। जांच के दौरान गन्ना परिवहन में लगे एक ट्रक की भी जांच की गई, जिसमें परमिट और फिटनेस दोनों फेल पाए गए। भारी वाहन होने के बावजूद नियमों की अनदेखी करना गंभीर मानते हुए उक्त ट्रक को भी बंद कर दिया गया। थाना फरधान क्षेत्र में कुल सात वाहनों को निरुद्ध किया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों व संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। एआरटीओ ने बताया कि बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता और यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को दुरुस्त रखें।


बिना परमिट और फिटनेस गन्ना ढोने पर सीज किया गया ट्रक। ● अमृत विचार

# ओबीसी महासभा ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार**: ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव रामनिवास वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों समर्थकों ने यूजीसी कानून 2026 को यथावत रखने के लिए एक ज्ञापन एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल को भेजा है।

ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों के भेदभाव मुक्त सुरक्षित सम्मान जनक कानून जारी किया है। जिसे रोकने के लिए भेदभाव पूर्ण गतिविधियां संचालित करने वाले वर्ग के द्वारा अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है। ओबीसी महासभा संगठन उक्त कानून का प्रबल समर्थक है। संगठन यूजीसी के एक्ट को यथावत रखते हुए लागू किए जाने की मांग करता है। अन्यथा की स्थिति में ओबीसी महासभा वृहद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन देते समय जिला पंचायत सदस्य खूबचंद गौतम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यराम वर्मा लल्लन, बारिश अली, सेंट्रल बार के पूर्व अध्यक्ष लालबिहारी वर्मा एड, महेश वर्मा एड, पंकज वर्मा एड, फूलचंद गौतम, विवेक गौतम, संतकुमार भारती, केके यादव, आशीष भार्गव, सचिन सिंह, वेदप्रकाश, संदीप वर्मा, रामकुमार एड, रंजीत कनौजिया एड, मनोज वर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।



गोला में एसडीएम को ज्ञापन देते ओबीसी महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित

- विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने किया पुरस्कृत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार**: गोला स्केटिंग चैंपियनशिप में नगर के कई विद्यालयों के 70 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

लखीमपुर रोड स्थित सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में हुई स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बालक सब जूनियर वर्ग में अथर्व श्रीवास्तव को गोल्ड, आरव कुमार को सिल्वर, जूनियर में मोहम्मद हारिस को गोल्ड, श्रेयांश शेखर सिंह पटेल को सिल्वर, बालिका वर्ग में आसना पटेल को गोल्ड और समृद्धि शुक्ला को सिल्वर, सीनियर वर्ग में जीवांश और अभय वर्मा को गोल्ड, फैज अली और पार्थ अग्रवाल को सिल्वर मेडल मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, कोच हर्ष अवस्थी, कामरान खान के द्वारा दिया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, जीडी गोयनका के डायरेक्टर दीपक हालन, अनमोल पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


स्केटिंग चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# धरने पर बैठे बजरंग दल कार्यकर्ता, बिजली उपकेंद्र पर हंगामा

- तिकुनिया बिजली उपकेंद्र के जेई पर अवैध वसूली समेत कई आरोप
- कार्यकर्ताओं ने अधिशाषी अभियंता को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार**: तिकुनिया बिजली उपकेंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं का हंगामा दूसरे दिन भी जारी रहा। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए जेई उपकेंद्र से खिसक गए। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर बिजली बिल जमा वितरण कक्ष को बंद कराने की कोशिश की। इस दौरान कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता निघासन को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। मांगों पर कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता रविवार से आंदोलनरत हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं के साथ पॉवर हाउस से लेकर सड़क तक प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। चेतावनी के बाद भी अधिकारियों ने कोई सबक नहीं लिया। इससे कार्यकर्ता और अधिक आकर्षित हो उठे। सोमवार को कार्यकर्ताओं ने उपकेंद्र का घेराव कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हंगामा किया। इससे बिजली कर्मचारियों और कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। एक कर्मचारी ने जब वीडियो बनानी शुरू की थी तो कुछ प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध किया। इस पर काफी गहमा गहमी बढ़ गई। हालांकि कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।

प्रदर्शनकारियों ने मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता निघासन रविंद्र यादव और मीटर उपखंड अधिकारी आरएन त्रिपाठी को एक पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। संगठन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में आए दिन अनावश्यक विद्युत कटौती, बिना पूर्व सूचना के कनेक्शन काटने और शिकायतों की अनदेखी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत करने पर न तो फोन उठाया जाता है और न ही समय पर समस्या का समाधान किया जाता है। ज्ञापन में जेई दिलीप कुमार पटेल का तत्काल स्थानांतरण करने, बिना 15 दिन की पूर्व सूचना दिए किसी भी उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन न काटने, निर्धारित अधिकारों और कर्तव्यों की सीमा में रहकर ही कार्य करें और उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार न करने, अवैध वसूली व भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने आदि की मांग की गई। चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और घेराव जैसे कदम उठाने को मजबूर होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं , विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मामले में जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अंतर्राष्ट्रीय परिषद के सुनील श्रीवास्तव तथा विजेंद्र चौहान बताया कि उनकी मांगों को मान लिया गया है। इस पर आंदोलन समाप्त कर दिया गया।


वार्ता करते अधिशासी अभियंता रविंद्र यादव व मीटर उपखंड अधिकारी आरएन त्रिपाठी।

> कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर धरना समाप्त कराया गया है। जेई पर लगे आरोपों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> –**रविंद्र यादव**, अधिशासी अभियंता निघासन।

# तीन रोजा उर्स का समापन कुल शरीफ संपन्न


उर्स में शामिल जायरीन। ● अमृत विचार

संवाददाता, खीरी टाउन

**अमृत विचार**: मोहल्ला बुखारी टोला में आयोजित तीन रोजा उर्स मास्टर नूरुल मियां का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही आस्ताना-ए-नूरुल हसन पर जायरीन की बड़ी संख्या जुटने लगी। कार्यक्रम की शुरुआत महफिल-ए-शमा से हुई, जो लगभग दोपहर एक बजे तक चली। लगभग साढ़े ग्यारह बजे नात, मनकबत, दुरूद-ओ-सलाम और दुआ के साथ कुल शरीफ का कार्यक्रम मुकम्मल हुआ। इस मौके पर आस्ताना के सदर जनाब शोएब मियां, शमशुल हसन सिद्दीकी, जहूरुल हसन सिद्दीकी, एडवोकेट जुनेद अहमद सहित बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद रहे।

# चूरा टांडा-बी गन्ना केंद्र पर किसानों ने किया हंगामा

## रिजेक्ट गन्ने की पर्चियां नहीं मिलने से भड़के किसान, गुलरिया चीनी मिल के गन्ना तौल सेंटरों पर आए दिन होता है बवाल

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** रिजेक्ट प्रजाति के गन्ने की पर्चियां न मिलने से किसानों के सब्र का बांध टूट गया। सोमवार को किसानों ने गुलरिया चीनी मिल के चूराटांडा-बी गन्ना सेंटर पर जमकर हंगामा किया। इससे तौल का कार्य भी प्रभावित हुआ। सूचना पाकर भीरा सहकारी गन्ना समिति अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। किसानों से वार्ता कर उन्हें समझाकर किसी तरह से शांत कराया। उन्हें शीघ्र ही पर्चियां आवंटित कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर किसान शांत हुए और तौल शुरू हो सकी।

भीरा क्षेत्र में स्थित गुलरिया चीनी मिल के तहत आने वाले गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों में आक्रोश है। किसानों का कहना है कि चीनी मिल रिजेक्ट किए गए प्रजाति के गन्ने की पर्चियां उन्हें समय से नहीं दे रहा है। इससे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं गन्ने की छिलाई न होने से खेत भी खाली नहीं हो पा रहा है। सोमवार सुबह चूराटांडा-बी गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। इससे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई।

किसानों का कहना था कि अर्ली पर्चियों पर उनका रिजेक्ट गन्ना नहीं तौला जा रहा है, जबकि बजाज चीनी मिल के केंद्रों पर रिजेक्ट गन्ना अन्य पर्चियों पर तौला जा रहा है। किसानों का कहना है कि बजाज मिल के सेंटरों पर किसानों का आधार और आवेदन लेकर रिजेक्ट गन्ना तुल रहा है, लेकिन गुलरिया मिल के केंद्रों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। इससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सही समय पर पर्ची न मिलने से उनके खेत खाली नहीं हो पा रहे हैं, जिससे अगली फसल की बुआई भी प्रभावित हो रही है। रिजेक्ट पर्चियां न आने के कारण किसान लगातार परेशान हैं, लेकिन मिल के कर्मचारी उनकी समस्याएं सुनने को तैयार नहीं हैं। इसके साथ ही किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्र पर तैनात कांटा बाबू द्वारा एक पर्ची पर 20 किलो गन्ना वसूला जा रहा है, मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर भीरा गन्ना सहकारी समिति के चेयरमैन डॉ राकेश सिंह पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर गन्ना क्रय केंद्र पर तौल को पुनः चालू कराया। चेयरमैन ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र ही कराया जाएगा।



गन्ना क्रय केंद्र पर ठप पड़ी तौल। ● अमृत विचार



चूराटांडा-बी सेंटर पर किसानों से वार्ता करते चेयरमैन डॉ. राकेश सिंह। ● अमृत विचार

### गन्ना खरीद पर समिति अध्यक्ष ने उठाए सवाल

**भीरा, अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने क्षेत्र की दो चीनी मिलों पर गन्ना खरीद में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि समिति क्षेत्र में पलिया चीनी मिल किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए अर्ली की पर्ची पर रिजेक्ट गन्ने की खरीद कर रही है, जबकि गुलरिया चीनी मिल अर्ली की पर्ची पर रिजेक्ट गन्ने की खरीद नहीं कर रही है। आरोप है कि गुलरिया चीनी मिल के रिजेक्ट गन्ना न खरीदे जाने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में किसानों को रिजेक्ट गन्ना क्रेशर पर बेचना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नियमानुसार रिजेक्ट गन्ने की खरीद के लिए गन्ना विभाग ने किसान हित में निर्देश जारी किए हैं और गन्ना विकास समिति द्वारा पर्चियां भी निर्गत की जा रही हैं। इसके बावजूद गुलरिया चीनी मिल मनमानी करते हुए रिजेक्ट गन्ना नहीं खरीद रही है, जो किसानों के हितों के खिलाफ है। समिति अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि गुलरिया चीनी मिल कुछ खरीद केंद्रों पर अर्ली की पर्ची पर रिजेक्ट गन्ना खरीदने के नाम पर किसानों से एक से डेढ़ क्विंटल तक गन्ना ले रही है, जबकि पूरा गन्ना न देने पर किसानों का रिजेक्ट गन्ना वापस कर दिया जा रहा है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कराने और पलिया चीनी मिल की तरह गुलरिया चीनी मिल को भी अर्ली की पर्ची पर रिजेक्ट गन्ना खरीदने का निर्देश देने की मांग गन्ना आयुक्त से की है।

## प्राइमरी स्कूल के शिक्षक की संदिग्ध हालात में मौत

**मझगई, अमृत विचार:** मूल रूप से लखनऊ निवासी त्रिभुवन प्रकाश चौधरी 72 हजार शिक्षक भर्ती बैच के तहत वर्ष 2015 से ब्लॉक निघासन के प्राइमरी स्कूल ढकवा गदियाना में कार्यरत थे। वर्तमान में वह पलिया कस्बे में शारदा होटल के पीछे एक किराये के मकान में अकेले रहते थे। सोमवार सुबह जब परिजनों ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। इस पर परिजनों ने पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसियों ने कमरे में जाकर देखा तो शिक्षक बेसुध अवस्था में पड़े मिले। आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। शिक्षक के अचानक निधन से स्कूल स्टाफ, शिक्षा विभाग के अधिकारी, सहकर्मी शिक्षक और स्थानीय लोग शोकाकुल हैं।

## खाना खाकर सोए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव घर के कमरे में संदिग्ध हालात में मिला। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि अवधेश (25) पुत्र रामलखन रविवार की रात सामान्य रूप से खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया था। सोमवार सुबह जब काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा, जहां उसका शव पड़ा मिला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पिता राम लखन ने बताया कि अवधेश की शादी तय हो चुकी थी। बरीक्षा की रस्म पूरी हो चुकी थी और अब जल्द ही शादी की तारीख फाइनल की जानी थी। बेटे की शादी को लेकर घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने सारी खुशियां मातम में बदल दीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल परिजनों में शोक की लहर है और घर में रो-रोकर बुरा हाल है।

# बाइक सवार नेपाली नागरिक की मौत

● पलिया से अपने घर वापस जा रहा था युवक

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** पलिया-गौरीफंटा मार्ग पर तेज रफ्तार नेपाली नागरिक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सुहेली नदी के निकट पेड़ से टकरा गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह पलिया से काम निपटाकर अपने घर वापस जा रहा था। उसे सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने नेपाली नागरिक को मृत घोषित कर दिया।

हादसा सोमवार की दोपहर में हुआ। पलिया से एक नेपाली नागरिक बाइक से नेपाल वापस लौट रहा था। सुहेली नदी के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वह नेपाल के धनगढ़ी शहर का बताया जा रहा है। इस संबंध में धनगढ़ी पुलिस को सूचना भेज दी गई है। पुलिस के अनुसार परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। उनके आने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।



पलिया सीएचसी में मृतक को देखने उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

## सेवानिवृत्ति शिक्षक को दी विदाई

**मितौली, अमृत विचार:** जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली में कार्यरत कला शिक्षक एसपी सिंह के सेवानिवृत्त होने पर स्कूल परिसर में विदाई समारोह आयोजित हुआ। स्टाफ, शुभचिंतकों, शिवपुरी व अमेठी से आएं उनके शिष्यों की ओर से उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वस्थ और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की गई। इस दौरान प्रभारी प्रिंसिपल आरके सिंह, पूर्व वाइस प्रिंसिपल जीपी मिश्रा, डॉ. एके पांडेय, सतीश प्रसाद, नूपुर गोस्वामी, वाईके प्रसाद, इमरान समर, जीके शुक्ला, पंकज मिश्रा, एनडी वर्मा, गौरव सोनकर, नीरु कुशवाहा, अनिल सिंह, संजय, मोहन जोशी, आशा जोशी, अनूप मिश्रा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाऐं व स्टाफ मौजूद रहा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचार:** गोला खुटार मार्ग पर थाना हैदराबाद क्षेत्र में गांव अहमदनगर के पास सुबह घने कोहरे में बाइक से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया है।



दुर्वेश कुमार।

मैलानी थाना क्षेत्र के गांव सौखिया दुर्वेश कुमार (30) पुत्र सुरेश भार्गव सुबह आठ बजे अपनी बाइक से गोला सिटी कार्ट में कार्य के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि गोला खुटार रोड नेशनल हाईवे 730 पर अहमदनगर में पेट्रोल टंकी से 100 मीटर दूरी पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक भाग निकला।



सौखिया गांव में रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

● गोला में सिटी कार्ट पर ड्यूटी करने जा रहा था दुर्वेश

हैदराबाद पुलिस ने फोन पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन मौत की खबर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे, जिनकी मौजूदगी में हैदराबाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तीन भाइयों और एक बहन में बड़े थे दुर्वेश

परिवार वालों ने बताया कि दुर्वेश कुमार तीन भाइयां में सबसे बड़े थे। उनकी शादी तीन वर्ष पहले खड़वाहिया अलीगंज के पास गांव से ममता देवी (25) के साथ हुई थी। अभी कोई बच्चे नहीं थे। दूसरे नंबर के शिवम की शादी हो गई थी, तीसरे नम्बर पर पवन की शादी अभी नही हुई है। बहन की शादी कुछ वर्ष पूर्व हो चुकी है। दुर्वेश परिवार के भरण पोशण के लिये गोला में सिटी कार्ट में 10 वर्षा से कार्य कर रहे थे। जवान बेटे की मौत से मां सरोजी देवी, पत्नी ममता और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## नवगठित सहकारी समिति का उद्घाटन

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार:** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति न्याय पंचायत मूड़ा खुर्द के गांव आलियाबाद में नवगठित सहकारी समिति का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार ने किया। समिति का मुख्य लक्ष्य सदस्यों की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा करने और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का है। इस दौरान विनीत मनार ने कहा कि सरकारी समिति के खुलने से अब किसानों को बीज एवं खाद के लिए दूर-दूर तक नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होंने ऋण वितरण के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, सचिव कौशल अवस्थी, डॉ. बच्चू सिंह, बिजुआ प्रधान संघ अध्यक्ष ओंमकार सिंह, प्रधान पति रंजीत यादव, सुदीश बाजपेई रमेश वर्मा, अमृत पाल सिंह, रेखा सक्सेना, राजू राठौर, धीरेंद्र सिंह आदि रहे।

# बांसगांव में धरना-प्रदर्शन भूख हड़ताल भी जारी





बांसगांव में भूख हड़ताल पर बैठे रामनिवास शुक्ल। ● अमृत विचार

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचार:** ब्लाक कुम्भी के बांसगांव में लोक जन संघर्ष पार्टी के सत्याग्रह धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल सोमवार 13वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचे हैं।

भूख हड़ताल पर बैठे रामनिवास शुक्ल ने बताया कि पूर्व में जांच जिला कृषि अधिकारी को सौंपी गई थी, जिन्होंने फोन पर दो दिन पहले बताया कि जांच आख्या लिखी जा रही है, जिसे हम जिला पंचायत राज अधिकारी को भेजेंगे। पार्टी के महासचिव रामनिवास शुक्ल ने पूर्ण समाधान और जांच पूरी न होने तक धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल जारी रखने की घोषणा की। धरना स्थल पर उनके समर्थन में सियाराम शुक्ल, संजय सक्सेना, लक्ष्मीकांत शुक्ल, सज्जन कुमार, अश्वनी कुमार, राजेंद्र शुक्ल, ब्रजकिशोर, पिंटू, मोहित शुक्ल, पंचायत सदस्य रीता देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 22 को मनेगा छोटी काशी शिव उत्सव



गोला की बैठक में बोलते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी कॉरिडोर सौंदर्यीकरण की 22 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री योगी द्वारा भूमि पूजन करने के कारण 22 फरवरी को छोटी काशी उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है।

मेला मैदान के निकट श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में हुई बैठक में विधायक अमन गिरि ने नगर के विभिन्न पुजारियों, शास्त्रियों के साथ 22 फरवरी को होने वाले छोटी काशी शिव उत्सव को मनाने के बिंदुओं पर चर्चा कर कहा कि नगर में हर घर में, मंदिरों में दीपोत्सव हम सब मिलकर जगमगाए, जिससे हमारे लिए यह उत्सव एक पर्व की तरह हमेशा परंपराओं की तरह चलता रहे। साथ ही शास्त्रियों से इस ओर अच्छे से करने का आशीर्वाद लिया। बैठक में लोगों ने राय दी कि इस महोत्सव को ऐसा मनाया जाएगा कि नगर में नजीर बन सके। बैठक में श्रीराम बाजपेयी, मुनेंद्र प्रताप शुक्ला, केके शुक्ला गुरुजी, पं. रामदेव मिश्र शास्त्री, अशोक जोशी, आनंद त्रिवेदी, सभासद संजय अवस्थी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

● विधायक ने बैठक कर लागों से तय की रूपरेखा

# दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दहेज में 4 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने पति सहित 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली गोला के बांकेगंज रोड निवासी रंजना सिंह ने बताया कि उसका विवाह 23 नवंबर 2025 को कोतवाली सदर के मंझरा फार्म निवासी सुमित सिंह पुत्र ओमप्रकाश के साथ हुआ था। विवाह के समय उसके परिजनों ने उपहार में स्विफ्ट डिजायर कार, करीब दो तोला सोने के जेवर, अन्य घरेलू सामान व चार लाख रुपये सहित करीब 15 लाख रुपये का दहेज दिया था। इसके बावजूद पति सुमित सिंह, ससुर ओमप्रकाश, सास, जेठानी रूपमती, पति के चाचा, मामा इन्द्रपाल और ननद सूर्या दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि ससुराल पक्ष लगातार कम दहेज का ताना देता रहा। गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। बाद में अतिरिक्त चार लाख रुपये नकद की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित किया जाने लगा और खाने-पीने में परेशान किया गया।

● महिला थाना में पति समेत सात पर रिपोर्ट दर्ज

पीड़िता ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 की सुबह सभी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जान का खतरा देख वह बिना मोबाइल के किसी तरह मायके पहुंची। आरोप है कि ससुराल पक्ष अब भी धमकी दे रहा है कि अतिरिक्त दहेज लेकर ही ससुराल आए, अन्यथा जान से मार देंगे और दूसरी शादी कर देंगे। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर चोरी

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** थाना मितौली क्षेत्र के गांव हैदर नगर में चोरों ने मकान से लाखों रुपये के जेवरात और घरेलू सामान चोर कर लिया।

गांव हैदर नगर निवासी रोहन लाल ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे की शादी शिवपुरी गांव में तय की थी। शादी की तैयारियों के लिए परिवार ने पाई-पाई जोड़कर सोने-चांदी के जेवर खरीदे थे। शादी व अन्य खर्चों की व्यवस्था करने के उद्देश्य से पूरा परिवार दिल्ली-नोएडा में मजदूरी करने गया था और मकान बंद था। जब परिवार काम करके वापस लौटा, तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। मुख्य दरवाजे और बक्सों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने बक्से में रखे सोने का झाला, झुमकी, मंगलसूत्र, अंगूठी, साथ ही चांदी की पायल, चार कंबल और आठ साड़ियां चोरी कर लीं। चोरी गए सामान की चार लाख से अधिक बताई जा रही है।

● बेटे की शादी के लिए जुटाए गए गहने भी ले गए चोर

घटना की सूचना मिलते ही यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी गई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बावजूद पुलिस गश्त न के बराबर है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# श्रीरुद्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ आरंभ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बाबा धर्मेश्वर नाथ मंदिर के सातवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित पांच दिवसीय से श्रीरुद्र महायज्ञ एवं कथा का आरंभ सोमवार को हुआ। श्रद्धालुओं ने देवकली पहुंचकर मंदिर में पूजन, अर्चन कर तीर्थ से जल भरकर कलश यात्रा निकाली।

नगर के लक्ष्मीनगर कॉलोनी स्थित धर्मेश्वर नाथ मंदिर से सोमवार को श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं का जय घोष करते, गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा निकाली। हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा में शामिल महिला, पुरुष, बच्चों ने देवकली तीर्थ पहुंचकर पूजन, अर्चन कर कलश में जल भरकर श्रद्धा भक्ति के साथ यज्ञस्थल पर पहुंचे। आयोजकों ने बताया कि यज्ञ और कथा सोमवार दो फरवरी से प्रारंभ होकर छह फरवरी शुक्रवार तक होगी। समापन पर कन्या भोज एवं प्रसाद वितरण होगा।



गोला में श्रीरुद्र महायज्ञ के लिए निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

● श्रद्धालुओं ने देवकली तीर्थ से कलशों में भरा जल

कलश यात्रा में नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, पूजा गुप्ता, प्रेमलता दीक्षित, राहुल मिश्रा, सत्येंद्र प्रकाश मिश्रा, पुष्कर पांडे, दिनेश दीक्षित, सुमित पांडे, मोनू मिश्रा, प्रेमप्रकाश मिश्रा, राहुल मिश्रा, विनय मिश्रा आदि शामिल रहे।

# भानपुर-ढकिया लिंक मार्ग पर जानलेवा गड्ढे

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** भानपुर हाईवे से जुड़ा भानपुर-शाहपुर लिंक मार्ग पर कई जगहों पर जानलेवा गड्ढे हो गए हैं, जिनसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी संबंधित जिम्मेदारों को नहीं है। इसके बाद भी वह अनजान बने हुए हैं। लोगों ने डीएम से गड्ढों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

भानपुर-शाहपुर लिंक मार्ग ढकिया गांव तक जाता है। इस मार्ग पर कई गांव आते हैं। इन ग्रामीणों का यह प्रमुख मार्ग है। जो, इन दिनों बदहाली का शिकार है। नहर से ढकिया गांव की ओर जाने वाली इस सड़क पर कई जगह बड़े और गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जो राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क का निर्माण मंडी परिषद द्वारा करीब दो वर्ष पूर्व कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद अब तक इसकी कोई मरम्मत नहीं कराई गई। समय के साथ सड़क की हालत लगातार खराब होती चली गई और जगह-जगह खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। इस मार्ग से रोजाना ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बसों और अन्य वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



भानपुर-ढकिया मार्ग पर बना गड्ढा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

CHANGE OF NAME
I, No. 2615698H Rank NK Shivjee Singh of 21 MADRAS is hereby state that my son name as per my Army records is Divyansu Singh Tomar which was wrongly mentioned in my army records. The correct name of my son is Divyanshu Singh Tomar instead of Divyansu Singh Tomar. I am presently residing Vill-Chapa, Nagra-Teh., Morena-Dist, MP-State, PIN 154731, the both name Divyansu Singh Tomar and Divyanshu Singh Tomar pertain to one and the same person and same is mentioned as per aadhar card, school card, birth cert and updated in affidavit declaration date 31.1.2026 Advocate and notary : Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur (U.P.)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

